दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 206

ग्वालियर, शनिवार, 16 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

पुलिस थानों में स्वच्छ वातावरण होना चाहिए ताकि लोग बगैर डर के अपनी शिकायतों को दर्ज करा सकें : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दूसरे कार्यकाल में कानून व्यवस्था को लेकर काफी सक्रिय है योगी ने कहा कि पुलिस थानो में आम लोगों के लिए स्वच्छ वातावरण होना चाहिए ताकि वे बगैर डर के अपनी शिकायतों को दर्ज करा सकें वहीं अभियान चला कर अपराधी तत्वों पर नकेल कसी जाए। योगी ने शुक्रवार को प्रदेश की कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, सुशासन एवं शांति-व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के संबंध में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिस थाने में आम जनता के लिए स्वच्छ वातावरण स्थापित हो। जनसामान्य के बैठने एवं स्वच्छ पेयजल व प्रसाधन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और अपराधियों के प्रति कठोर अभियान चलाकर सुरक्षा- सुशासन व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि पुलिस थाने में आम जनता के लिए स्वच्छ वातावरण स्थापित करते हुए जनसामान्य के बैठने एवं स्वच्छ पेयजल व प्रसाधन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे आम जनता बिना किसी भय के अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिये थाने पर आ सके। थाने को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के साथ साथ वृक्षारोपण आदि के कार्य कराए जाय। साथ ही प्रदेश में महिला सशक्तिकरण एवं अपराधियों के प्रति कठोर अभियान चलाकर सुरक्षा-सुशासन व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि गोरखपुर के थाना राजघाट में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा द्वारा व्यक्तिगत रुचि लेकर पूरे थाना स्टाफ के साथ मिलकर टीम भावना से कार्य करते हुए स्थानीय जनता के सहयोग से थाना राजघाट परिसर के जीर्णोद्धार के लिए कार्य किया गया जिसके परिणामस्वरूप थाना -परिसर का कायाकल्प हो गया। उन्होंने कहा कि मिश्रा ने आगंतुक -कक्ष, थाना -कार्यालय, महिला हेल्प-डेस्क आदि सभी स्थानों को काफी अच्छे तरीके से व्यवस्थित एवं पुनर्निर्मित कराया गया। साथ ही परिसर की साफ-सफाई काफी अच्छे तरीके से कराते हुए फूल पौधों से सुसज्जित किया गया ,जिससे थाने में आने वाले प्रत्येक आगंतुक को स्वच्छता के साथ-साथ एक सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। इसी कड़ी में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुए महिला हेल्प-डेस्क एवं महिला विश्रामालय का भी निर्माण कराया गया, जिससे थाने पर आने वाली महिला आगंतुकों को किसी तरह की कोई असुविधा ना हो सके।

पीओके के प्रधानमंत्री नियाजी ने दिया इस्तीफा, इमरान को झटका

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के प्रधानमंत्री सरदार अब्दुल कय्यूम नियाजी ने सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी में उनके खिलाफ विद्रोह के बाद इस्तीफा दे दिया है। नियाजी पीटीआई प्रमुख खान के करीबी माने जाते हैं। पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार तनवीर इलियास के समक्ष पार्टी के 25 सांसदों ने उन्हें बदलने के लिए अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। कश्मीर (पीओके) के पीएम सरदार अब्दुल कय्यूम नियाजी ने 14 अप्रैल को भेजे इस्तीफे में लिखा है कि संविधान के अनुच्छेद 16 (1) के तहत, मैं प्रधानमंत्री के अपने पद से इस्तीफा देता हूं। उन्होंने यह इस्तीफा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति सुल्तान महमूद चौधरी को भेजा। खबर के अनुसार, राष्ट्रपति मामलों के सचिव डॉ. आसिफ हुसैन शाह ने चौधरी द्वारा नियाजी का इस्तीफा स्वीकार करने की पुष्टि कर बताया कि औपचारिक अधिसूचना जारी करने के लिए इसे मुख्य सचिव के पास भेज दिया गया है।

ट्रक की टक्कर से कार बनी आग का गोला, 3 दोस्त जिंदा जले

पानीपत। पानीपत के इसराना में दर्दनाक हादसा हुआ। पानीपत रोहतक हाईवे पर ट्रक ने कार को टक?कर मार दी। जिससे कार में आग लग गई। कार सवार तीन लोग जिंदा जल गए। करीब 45 मिनट तक कार जलती रही। हादसा दोपहर करीब 12:15 बजे का है। तीनों शव की पहचान हो गई। सोनीपत की एचआर10 एसी 5675 नंबर की कार पानीपत से गोहाना की तरफ जा रही थी। इसराना अनाज मंडी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक?कर मार दी। चालक जब तक कार को संभाल पाता उसमें आग लग गई। कार में आग लगते ही इसराना अनाजमंडी और आसपास के लोग बुझाने के लिए दौड़े। लोगों ने शोर मचाया, लेकिन कार में सवार लोग बाहर नहीं निकल पाए। कार सीएनजी चलित थी। साथ ही टक्कर की वजह से कार के दरवाजे लाक हो गए थे। इस वजह से कार सवार लोग बाहर नहीं निकल पाए। आग ने कार को पूरी तरह से चपेट में ले लिया। करीब 45 मिनट तक कार जलती रही। कार में सवार एक भी व्यक्ति बाहर नहीं निकल पाया। लोगों ने कार में लगी आग को किसी तरह से बुझाया। इसके बाद दमकल और पुलिस पहुंची। पुलिस की टीम ने कार को तोड़ा। कार के अंदर तीन लोगों के शव पड़े हुए थे। तीनों शव बुरी तरह से जल चुके थे।

पीएम मोदी ने किया सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शुभारंभ, कहा- 10 साल में में देश को मिलेंगे नए डॉक्टर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार गुजरात के भुज में केके पटेल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, देश को आने वाले 10 सालों में रिकॉर्ड संख्या में नए डॉक्टर मिलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि, देश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने का लक्ष्य हो या सभी के लिए मेडिकल शिक्षा को सुलभ बनाने का प्रयास, देश को आने वाले 10 सालों में रिकॉर्ड संख्या में नए डॉक्टर मिलने वाले हैं। उन्होंने %बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं% का अर्थ बताया और कहा कि ये केवल बीमारियों के इलाज तक ही सीमित नहीं हैं। वे सामाजिक न्याय को भी बढ़ावा देती हैं। जब किसी गरीब को सस्ता और बेहतरीन इलाज मिलता है, तो उसका सिस्टम में विश्वास मजबूत होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि, भूकंप से मची तबाही को पीछे छोड़कर भुज व कच्छ के लोग अब अपने परिश्रम से इस क्षेत्र का नया भाग्य लिख रहे हैं। आज इस क्षेत्र में मेडिकल सुविधाएं मौजूद हैं।

इसी कड़ी में भुज को आज एक आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मिला है। यह अस्पताल लोगों को सस्ती कीमत पर अच्छी गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएगा। दो दशक पहले, गुजरात में केवल 1100 सीटों वाले नौ मेडिकल कॉलेज थे। आज हमारे पास 36 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं, जहां 6000 सीटें उपलब्ध हैं।

डिजिटल हेल्थ मिशन से मरीजों के लिए सुविधाएं

उन्होंने कहा कि, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन से मरीजों के लिए सुविधाएं और बढ़ेंगी। आयुष्मान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से आधुनिक और क्रिटिकल हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को जिला और ब्लॉक स्तर तक पहुंचाया जा रहा है। इलाज के खर्च की चिंता से गरीब को मुक्ति मिलती है तो वो निश्चिंत होकर गरीबी से बाहर निकलने के लिए परिश्रम करता है। बीते सालों में हेल्थ सेक्टर की जितनी भी योजनाएं लागू की गई हैं, उनकी प्रेरणा यही सोच है।

मनरेगा से 5 लाख गरीबों को योगी सरकार देगी लाभ

लखनऊ। अगर आप अपने गांव में खेती और पशुपालन से जुड़ा छोटा व्यवसाय कर रहे हैं तो सरकार आपको मनरेगा की व्यक्तिगत लाभार्थी योजना के तहत मदद करेगी। इस योजना में सरकार आपके कोराबार को बढ़ाने के लिए 2 लाख रु तक खर्च करेगी। सरकार ने इस योजना में 5 लाख गरीबों को लाभ देने का फैसला किया है। यूपी में मनरेगा योजना शुरू होने के बाद पहली बार लाभार्थीपरक कार्यों के लिए पांच लाख का लक्ष्य रखा है। इसका मूल उद्देश्य गरीबों को उनके गांव घर पर ही उनके द्वारा किए जा रहे छोटे-मोटे काम को बढ़ाने में सहयोग व सहायता मुहैया कराना है। जिससे सीधे तौर पर उनकी आय में वृद्धि होगी। ग्राम्य विकास विभाग के मुताबिक पिछले 5 साल में 6.63 लाख लाभार्थी परक काम कराए हैं।

एनटीपीसी के विरोध में लोगों ने थाली-लोटा पीट कर विरोध प्रदर्शन किया एवं नारे लगाए

संवेदक के मिली भगत से एनटीपीसी के द्वारा संविदा के नियम के विरुद्ध कार्य करने का आरोप

भागलपुर। जिले के कहलगांव एनटीपीसी के वादा खिलाफी के विरोध में लोगों ने घोर निन्दा करते हुये थाली-लोटा पीट कर एनटीपीसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया एवं नारे लगाए। एनटीपीसी के खिलाफ नारे लगाते हुए लोगों ने एनटीपीसी हाय -हाय, एनटीपीसी प्रबंधन हाय- हाय, एनटीपीसी प्रबंधन होश में आओ एनटीपीसी मुर्दाबाद आदि का नारा लोगों ने लगाया । प्रदर्शन कर रहे सर्वदलीय समिति द्वारा कहा गया कि एनटीपीसी द्वारा कहलगांव एवं कहलगांव के आस-पास क्षेत्रों में किए जाने वाले विकास कार्य की एनटीपीसी के अनदेखी करने से आम लोग खुद को ठगी महसूस कर रही है ! पिछले दिनों मांगों में से मुड़कटिया चौक से गंगानगर होते कहलगांव हटिया के निकट हनुमान मंदिर तक संविदा के उपरान्त आरसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास किया गया था। जबकि सडक निर्माण के कार्य की अवधि एनटीपीसी द्वारा ही निर्धारित की गई थी। संवेदक कार्यावधि के दरमयान आरसीसी सडक निर्माण नहीं करा सकी। इसके बाद सडक निर्माण कराने का अवधि भी बढ़ायी गयी, बाबजूद समय पर सडक निर्माण कार्य का निष्पादन नहीं हो सका। लगभग एक किलोमीटर आरसीसी सडक निर्माण में एनटीपीसी ने 27 फरवरी 2019 को बादा किया था कि, सडक एक बर्ष में बनवा दिया जायेगा ।

वाट्सऐप को मिली हरी झंडी, जोड़ पाएगा 60 मिलियन नए यूजर

फोन पे और गूगल पे को मिलेगी कड़ी टक्कर

नई दिल्ली। सोशल मीडिया के सबसे पापुलर प्लेटफार्म वाट्सऐप की कंपनी मेटा और वाट्सऐप यूजर्स दोनों के लिए गुड न्यूज है। अभी तक सीमित वाट्सऐप अपनी पेमेंट सर्विस कुछ ही यूजर्स तक पहुंचा पा रहा था, लेकिन अब उसे अपने बिजनेस या कहें कि यूजर बेस को बढ़ाने के लिए हरी झंडी मिल गई है। नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने बुधवार को वाट्सऐप को 100 मिलियन यूजर तक अपनी सेवा पहुंचाने की अनुमति दे दी है। बता दें कि इस अनुमति के बाद वाट्सऐप अपने यूजर बेस में 60 मिलियन नए यूजर जोड़ पाएगा, जिससे कि उससे बिजनेस को गति को मिलेगी ही, साथ ही ज्यादा यूजर वाट्सऐप पेमेंट के जरिए एक-दूसरे से लेन-देन कर पाने में भी सक्षम होंगे। अभी तक वाट्सऐप पेमेंट की सर्विस 40 मिलियन यूजर तक ही पहुंची थी। नवम्बर 2020 में एनपीसीआई ने वाट्सऐप को मल्टी-बैंक मॉडल आधारित यूपीआई में प्रवेश की अनुमति दी थी। तब वाट्सऐप को अधिकतम 20 मिलियन यूजर्स के साथ शुरुआत करने को कहा गया था। इसके एक साल बाद एनपीसीआई ने इस संख्या को दोगुना मतलब 40 मिलियन करने की अनुमति दे दी थी। द लाइव मिंट की एक खबर के अनुसार, वाट्सऐप 2018 से ही अपने बीटा मोड में केवल 1 मिलियन यूजर्स के साथ यूपीआई बेस्ड पेमेंट सिस्टम वाट्सऐप पे चला रहा था। इसकी मुख्य वजह था रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की डेटा लोकलाइजेशन की पॉलिसी, मतलब डेटा सेंटर देश में ही स्थापित करने की नीति। वाट्सऐप द्वारा पॉलिसी के सभी शर्तें पूरा करने के बाद एनपीसीआई ने रिजर्व बैंक को बताया कि वह वाट्सऐप द्वारा डेटा स्टोरेज नियमों के पालन करने से संतुष्ट है और इस सेवा को लाइव किया जा सकता है। चूंकि वाट्सऐप के पास बेहद कम यूजर थे तो उसकी ट्रांजेक्शन्स की संख्या भी काफी कम रही है। यदि हम मार्च की बात करें तो वाट्सऐप पर 2.54 मिलियन ट्रांजेक्शन्स हुई हैं जिसमें 239.78 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। इसी समयावधि में गूगल पे पर 1.8 बिलियन पेमेंट ट्रांजेक्शन्स हुई है।

यूक्रेन- जेलेंस्की बोले- रूस ने पांच दिन दिए थे, हम 50वें दिन भी जिंदा हैं...

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की का राष्ट्रवाद अंतत- वहां के नागरिकों को रिझा रहा है उन्होंने कहा कि रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू किया। 2014 में रूसी सैनिक हमारे यहां आए थे। उन्होंने हमारे क्रीमिया पर कब्जा कर लिया उन्होंने इसे एक बड़े सैन्य अड्डे में बदल दिया। पचास दिन पहले, 24 फरवरी को, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी यूक्रेन पर सैन्य हमले की शुरुआत की घोषणा की थी। रूसी तोपखाने और हवाई हमलों ने यूक्रेनी शहरों को कुचल दिया, और क्रेमलिन की सेना सीमा पार देश में घुसकर बड़ा %सैन्य अभियान% चलाने लगी, जिससे बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप का सबसे बड़ा शरणार्थी संकट बन गया है। पचास दिन पहले, 24 फरवरी को, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी यूक्रेन पर सैन्य हमले की शुरुआत की घोषणा की थी। रूसी तोपखाने और हवाई हमलों ने यूक्रेनी शहरों को कुचल दिया, और क्रेमलिन की सेना सीमा पार देश में घुसकर बड़ा %सैन्य अभियान% चलाने लगी, जिससे बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप का सबसे बड़ा शरणार्थी संकट बन गया है।

लेकिन इन तमाम घटनाक्रमों के बीच यूक्रेन अभी भी खड़ा है और रूस को कड़ी टक्कर दे रहा है। यही वजह है कि यूक्रेन की सेना और राष्ट्रपति जेलेंस्की की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूसी आक्रमण के 50 दिनों को याद करते हुए अपने देश को पूरी दुनिया के लिए नायक बताते हुए सम्मानित किया। अपने सिग्नेचर स्टाइल में रात के संबोधन में, उन्होंने अपने साथी यूक्रेनियन की बहादुरी के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी दुनिया के आजाद लोगों के हीरो हैं।

महबूबा मुफ्ती बोली, कश्मीरी पंडितों पर चुप्पी का आरोप लगाने वाले बुलडोजर पर क्यों शांत

नई दिल्ली। इन दिनों मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार बुलडोजर को लेकर चर्चा में है। देशभर के विपक्षी नेता भाजपा सरकार पर आरोप भी लगा रहे हैं। इसी कड़ी में अब पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भाजपा पर संविधान पर बुलडोजर चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवा पार्टी के नेताओं के बीच %मुसलमानों के घर और रोजी रोटी छीनने% की होड़ लगी है। दरअसल, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को अपने सिलसिलेवार ट्वीट में जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा जिस प्रतिशोध से भारत के संविधान पर बुलडोजर चला रही है, वह अब अल्पसंख्यकों के घरों तक पहुंच गया है। भाजपा नेता मुसलमानों से सब कुछ छीनने में एक-दूसरे को पीछे छोड़ रहे हैं, चाहे वह उनका घर हो, रोजी रोटी हो या सम्मान। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक समुदाय की चुप्पी बेहद चिंताजनक है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कश्मीरी मुसलमान होने के नाते हम पर कई बार आरोप लगाया जाता है कि हम तब चुप रहे, जब कश्मीरी पंडितों को भागने के लिए मजबूर किया जा रहा था। लेकिन आज के भारत में बहुसंख्यक समुदाय की आपराधिक चुप्पी और भाजपा का भारत के मूल विचार को खत्म करना बेहद चिंताजनक और परेशान करने वाला है। बता दें कि महबूबा मुफ्ती की यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में हुए बवाल के बाद आई है। यहां रामनवमी के जुलूस पर पथराव करने के आरोपियों के कम से कम 50 अवैध ढांचे गिरा दिए गए। आरोप है कि खरगोन जिले में रामनवमी के जुलूस के दौरान मस्जिद के पास कथित तौर पर तेज संगीत बजाया जा रहा था और इसी दौरान जुलूस पर पत्थर फेंका गया।



खास खबर

केंद्र सरकार किसानों से 2 हजार रुपए क्विंटल गेहूं खरीद 3500 में बेच रही : नवजोत सिद्धू

श्री माछीवाड़ा साहिब। पंजाब प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और किसानों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। सिद्धू शुक्रवार को माछीवाड़ा अनाज मंडी में फसल बेचने आए किसानों का हाल देखने पहुंचे जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि केंद्र सरकार किसानों से 2000 रुपए प्रति कविंटल गेहूं खरीद कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 3500 रुपए क्विंटल बेच रही है। इसलिए किसानों को कम से कम 500 रुपए मुआवजा जरुर दिया जाए। सिद्धू ने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच लड़ाई दौरान पहले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 25 प्रतिशत गेहूं कम हो गई है जिस कारण इस की जरूरत बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पहले गेहूं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2200 रुपए क्विंटल बिकती थी जो अब 3500 रुपए क्विंटल पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि आम प्राइवेट कार्पोरेट घराने भी समर्थन मूल्य की अपेक्षा 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगी खरीद कर आगे 1300 रुपए का लाभ कमा रहे हैं। सिद्धू ने किसानों के हित में आवाज उठाते कहा कि वह केंद्र सरकार से अपील करते हैं कि किसानों के फसल में से ही कमाए गए मुनाफे में से कम से कम 500 रुपए प्रति क्विंटल के हकदार तो हैं।

उत्तरी वज़ीरिस्तान में आठ पाकिस्तान सैनिक मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उपद्रव-ग्रस्त इलाके उत्तरी वजीरिस्तान में दो अलग-अलग घटनाओं में पाकिस्तानी सेना पर जबरदस्त आतंकवादी हमले में कम से कम आठ सैनिक मारे गए हैं। वारदात में दाताखेल तहसील में सेना के काफ़िले पर घात लगाकर हमला किया गया। इसमें सात सैनिक मारे गए। दूसरी घटना में इसी जिले के इशाम इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई इसमें एक सैनिक मारा गया।

पुतिन से झगड़े के बाद रक्षामंत्री को पड़ा दिल का दौरा

मॉस्को। रूस और यूक्रेन के बीच लगातार युद्ध जारी है। इस बीच राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु को पिछले कुछ दिनों से नहीं देखा गया है। कहा जा रहा है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा है। इसके कारण भी प्राकृतिक नहीं बताए जा रहे हैं। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के लिए 20 जनरलों को गिरफ्तार किया गया है। 2012 से रूसी राष्ट्रपति पुतिन के करीबी सहयोगी रहे शोइगु पिछले कुछ हफ्तों से लापता हैं। रूसी-इजरायल के व्यवसायी लियोनिद नेवजलिन ने भी पुतिन और उनके करीबी सलाहकारों और सैन्य नेताओं के बीच एक बड़ी दरार के बारे में सनसनीखेज दावा किया था। रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण शुरू करने के दो दिन पहले राष्ट्रपति पुतिन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होना शुरू हो गया था। वीडियो में पुतिन रूस को विदेश खुफिया सेवा के प्रमुख सर्गेई नारिश्किन से डोनेट्स्क और लुहान्स्क को स्वतंत्र राज्यों के रूप में मान्यता पर अपने रुख के बारे में स्पष्ट रूप से बोलने के लिए कहते हुए देखा गया था। नारिश्किन को भी उनके सबसे करीबी सहयोगियों में गिना जाता है।

दबंगों ने की दिव्यांग से मारपीट, गुप्तांग में शराब की बोतल ठूंस दी

महोबा। महोबा जिले के अजनर क्षेत्र में दबंगों ने अनुसूचित वर्ग के एक दिव्यांग युवक के साथ मारपीट की और उसके गुप्तांग में शराब की बोतल ठूंस कर घायल कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक आर के गौतम ने बताया कि मध्य प्रदेश की सीमा से सटे टिकरिया गांव में दिव्यांग युवक नदी किनारे शौच के लिए गया था। बताया गया है कि वहां पहले से कुछ दबंग शराब पी रहे थे। तभी पीड़ित की उनसे किसी बात पर बहस हुई, जिसके परिणाम स्वरूप दबंगों ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट कर शराब की बोतल युवक के प्राइवेट पार्ट में ठूंस दी। मारपीट की घटना व उक्त अमानवीय कृत्य से युवक घायल और अचेत हो गया, तब दबंग दिव्यांग को वहीं छोड़ कर भाग गए। उन्होंने बताया कि देर रात परिजन दिव्यांग को खोजते हुए घटना स्थल तक पहुंचे और गंभीर हालत में पड़ा देखकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। चिकित्सकों ने दिव्यांग की हालत नाजुक देखकर उस इलाज के लिए झांसी मेडिकल कालेज पहुंचाया है।

न्यूज़ ट्रैक....

हॉकी इंडिया ने विश्व कप के लोगो का वीडियो साझा किया

भुवनेश्वर । हॉकी इंडिया ने पुरुष एफआईएच हॉकी विश्व कप 2023 का लोगो जारी कर दिया है। हॉकी इंडिया ने अपने ट्विटर हैंडल पर विश्व कप के आधिकारिक लोगो का एक वीडियो भी साझा किया है। इस बेहद आकर्षक लोगो में ट्रॉफी के ऊपर हॉकी स्टिक और गेंद नजर आ रही है। हॉकी इंडिया भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम और राउरकेला में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 13 से 29 जनवरी 2023 तक विश्व कप की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट में भारत सहित 16 टीमें भाग लेंगी, जिसमें नीदरलैंड, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, वेल्स, दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना, चिली, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

बैडमिंटन संघ पर भड़की साइना

नई दिल्ली । अनुभवी महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) पर निशाना साधा है। साइना ने कहा कि राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए जो चयन ट्रायल रखे गये थे उसका कार्यक्रम इस प्रकार था कि वह इसमें शामिल नहीं हो सकती थीं। बीएआई ने जो ट्रायल रखा था जिसमें बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल और हांगझोउ एशियाई खेलों के साथ बैंकाक में आठ से 15 मई तक होने वाले थॉमस कप और उबेर कप के लिए भी टीम का चयन किया गया था। साइना ने कहा कि उन्होंने पहले ही बीएआई को ट्रायल से बाहर रहने की सूचना दे दी थी पर इसके अलावा उसके पास कोई रास्ता नहीं था। दो बार राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण विजेता इस खिलाड़ी ने कहा कि वह ऐसी खबरें पढ़कर हैरान हो रही है कि जिनमें कहा जा हरा है कि मैं राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में भाग नहीं लेना चाहती थी जबकि मैं यूरोप में तीन साप्ताह खेलकर लौटी हूं और इसी वजह से मैंने ट्रायल में भाग नहीं लिया था। एक सीनियर खिलाड़ी होने के नाते लगातार खेलना संभव नहीं है। इससे चोट लगने का डर रहता है वह भी इतने कम समय के अंतर पर। इसी कारण मैंने बीएआई को इसकी जानकारी भी दे दी थी पर उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया। लगता है कि इन दोनों टूर्नामेंटों से मुझे बाहर रखकर ये खुश हैं।

धवन 800 बाउंड्री लगाने वाले खिलाड़ी बने

पुणे । पंजाब किंग्स के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन आईपीएल में 800 बाउंड्री लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। अब को किसी भी खिलाड़ी ने इस आंकड़े को हासिल नहीं किया है। धवन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 50 गेंद पर 70 रन बनाने के दौरान ही 5 चौके और 3 छक्के लगाकर यह उपलब्धि हासिल की है। धवन का यह आईपीएल में 45वां अर्धशतक है। इस मैच से पहले उन्होंने 668 चौके और 127 छक्के यानी 795 बाउंड्री लगाई थी। मुंबई के खिलाफ उन्होंने 8 बाउंड्री लगाई और 800 बाउंड्री का रिकॉर्ड बनाया। वहीं आरसीबी के विराट कोहली सबसे ज्यादा बाउंड्री के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 766 बाउंड्री लगाई है जबकि वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 761 बाउंड्री के साथ तीसरे नंबर पर हैं। धवन ने आईपीएल में 2 शतक भी लगाये हैं। धवन इसी के साथ ही मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 27 पारियों में 40 की औसत से 871 रन बनाए हैं जिसमें 6 अर्धशतक हैं। उनका स्ट्राइक रेट 128 का है। उनके अलावा कोई अन्य खिला?ी अब तक 800 रनों के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया है।

आईपीएल में पहली बार आमने-सामने हुई केकेआर और सनराइजर्स

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को कप्तान केन विलियमसन की सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला श्रेयस अय्यर की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। दोनो ही टीमें पहली बार इस 15 वें सत्र में आमने-सामने हो रही हैं। सनराइजर्स की टीम इस समय अंक तालिका में 8वें नंबर पर है वहीं केकेआर दूसरे स्थान पर है। ऐसे में दोनो ही टीमें इस मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। इन दोनों टीमों ने आईपीएल में अब तक एक-दूसरे के खिलाफ 21 मैच खेले हैं जिसमें से सनराइजर्स ने 7 मैच जीते हैं जबकि केकेआर को 14 में जीत मिली है।केकेआर को इससे पहले हुए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 44 रनों से हार का सामना करना पड़ा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद ने अपना आखिरी मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला था जहां उन्होंने 8 विकेट से मैच जीता था।

आईपीएल धीरे-धीरे अपने पूरे शबाब पर आ रहा है। आज हैदराबाद और कोलकाता के बीच सीजन की पहली भिड़ंत देखने को मिलेगी। सनराइजर्स की बात करें तो शुरुआत में 2 बड़ी हार के बाद उस टीम को रिजेक्ट कर दिया गया था। ये मान लिया गया कि जो भी उससे खेलेगा, 2 पॉइंट तोहफे में ले जाएगा। पर उसके बाद पहले चेन्नई और फिर लखनऊ को हराकर हैदराबाद ने तहलका मचा दिया। स्टार प्लेयर्स की कमी के बावजूद SRH का प्रदर्शन उम्दा रहा है। तो वहीं, कोलकाता 3 जीत के बाद 2 मैच हार चुकी है। कोलकाता की टीम के पास स्टार खिलाड़ियों की फौज है। टॉप ऑर्डर की खराब बल्लेबाजी के बाद एक बार रसेल और दूसरी बार कमिंस ने टीम की नैया पार करा दी लेकिन यह हर बार संभव नहीं है। हेड टू हेड की बात करें तो कुल 21 मुकाबले इनके बीच खेले गए हैं, जिनमें 14 बार कोलकाता और 7 बार बाजी सनराइजर्स के हाथ लगी है। आखिरी 6 बार की टक्कर में भी 5 बार KKR जीता है। पर असली खेल इसके बाद शुरु होता है।

हैदराबाद को धमाकेदार शुरुआत की उम्मीद

हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन IPL में 2,000 रन पूरे करने से केवल 8 रन दूर हैं। कोलकाता के खिलाफ वह अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर टीम के धमाकेदार शुरुआत देने का प्रयास करेंगे। बैटिंग कोच ब्रायन लारा ने अभिषेक के खेल पर काफी मेहनत की है और उसका असर चेन्नई के खिलाफ खेली गई 75 रनों की धमाकेदार पारी में नजर आया। राहुल त्रिपाठी लास्ट सीजन तक कोलकाता की बैटिंग लाइनअप की जान थे पर उन्हें रीटेन नहीं किया गया।2017 में पुणे सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए राहुल ने कोलकाता के खिलाफ 52 गेंदों पर 93 रन बनाए थे। आज भी राहुल से कुछ वैसे ही धमाके की उम्मीद है। इसके अलावा 23 मुकाबलों में भुवी ने चक्रक के खिलाफ 28 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 19 रन देकर 3 विकेट रहा है। उनसे वैसे स्पेल की उम्मीद की जा रही है।

वहीं कोलकाता विनिंग स्ट्रीक वापस हासिल करने का हर संभव प्रयास करेगी। उसके लिए अजिंक्य रहाणे की खराब फॉर्म जी का जंजाल बनती जा रही है। कप्तान श्रेयस अय्यर ने दिल्ली के खिलाफ अर्धशतक जरूर ठोका लेकिन उनका स्ट्राइक रेट रनरेट के हिसाब से कम था। अगर टॉप ऑर्डर चक्रक का बेस स्ट्रांग कर देता है तो उसपर रसेल और कमिंस जैसे हार्ड हिटर बड़े स्कोर के लिए जा सकते हैं।

टी20 प्रारुप में टीम इंडिया की ओर से वापसी करेंगे उमेश : साउदी

मुम्बई । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी का मानना है कि उनके साथी खिलाड़ी उमेश यादव एक बार फिर अंतराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट के लिए टीम इंडिया में वापसी करेंगे। उमेश ने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 3 साल से भी अधिक समय पहले खेला था। न्यूजीलैंड के साउथी ने कहा, 'मैं उमेश का बड़ा प्रशंसक रहा हूं। वह बेहतरीन गेंदबाज है। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे कुछ मौकों पर उसके साथ नई गेंद साझा करने का मौका मिला, जब हम दोनों रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते थे।' उन्होंने कहा कि जिस तरह उसका उपयोग किया जा रहा है, वह उमेश की गेंदबाजी शैली के अनुकूल है। अगर वह इसी प्रकार का प्रदर्शन जारी रखता है, तो मुझे कोई कारण नजर नहीं आता कि वह टीम इंडिया के लिए टी20 क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन न कर पाये। 34 साल के उमेश ने आईपीएल के इस सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 5 मैच में 10 विकेट लिए हैं और इस दौरान 6.60 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उमेश ने पावरप्ले में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी बल्लेबाजों को पेवेलियन भेजा है। केकेआर ने उन्हें नीलामी में 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। साउथी ने उमेश के शानदार प्रदर्शन का श्रेय नाइट राइडर्स के थिंक टैंक को दिया जबकि पिछले सत्र में उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला था। उन्होंने कहा कि केकेआर के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान श्रेयस अय्यर ने नई गेंद से उसका आक्रमण करने के लिए इस्तेमाल किया है वह शानदार है। नई गेंद से उसके मजबूत पक्ष का फायदा उठाया और बीच के ओवरों में उसकी वापसी कराके विकेट लेने का प्रयास किया है।

साउथी रिचर्ड हैडली पदक से सम्मानित

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड के मुख्य तेज गेंदबाज टिम साउथी को शानदार प्रदर्शन के लिए सर रिचर्ड हैडली पदक से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कैलेंडर वर्ष में शानदार प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर को दिया जाता है। तीन दिवसीय पुरस्कार समारोह के अंतिम दिन साउथी के अलावा पेन किनसेला को बर्ट सुटक्लिफ पदक जबकि डेवोन कॉनवे को साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर का अवार्ड दिया गया ।

वहीं साल की सर्वश्रेष्ठ घरेलू महिला क्रिकेटर का पुरस्कार नेंसी पटेल को दिया गया है। सर्वश्रेष्ठ घरेलू पुरुष क्रिकेटर पुरस्कार संयुक्त रूप से टॉम ब्रूस और रॉबी ओडोनेल को दिया गया। आईपीएल के 15 वें सत्र में केकेआर की ओर से खेल रहे साउथी को 2021 में अपनी धरती के साथ ही विदेशी धरती पर भी टेस्ट और सीमित ओवरों के प्रारूप में शानदार प्रदर्शन के लिए साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया।

गौरतलब है कि साउथी ने पिछले साल भी 23.88 के औसत से 36 टेस्ट विकेट लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लार्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 43 रन देकर छह विकेट लेना रहा है। साउदी ने भारत के खिलाफ साउथम्पटन में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में टीम की खिताबी जीत में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट लिए थे। साउथी के नाम 338 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। वह दिग्गज तेज गेंदबाज रिचर्ड हैडली से केवल 93 विकेट पीछे हैं।

रोहित के फार्म को लेकर परेशान नहीं हैं कोच जयवर्धने

पुणे । मुंबई इंडियंस टीम का प्रदर्शन आईपीएल के इस 15 वें सत्र में बेहद खराब रहा है और टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीती है। टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी अब तक एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं जिससे प्रशंसकों में निराशा है पर इसके बाद भी टीम के के कोच महेला जयवर्धने चिन्तित नहीं हैं। जयवर्धने के अनुसार रोहित को फार्म में आने के लिए केवल एक बड़ी पारी की जरुरत है। अब तक के मैचों में रोहित अच्छी शुरुआत के बाद भी अधिक रन नहीं बना पाये हैं। इस सत्र में उन्होंने अब तक 21.60 के औसत से केवल 108 रन ही बनाए हैं। जयवर्धने ने कहा, 'अगर आप उसके पारी शुरू करने के तरीके को देखो तो वह जिस तरह से गेंद हिट करता है, वो शानदार है। वह गेंद की अच्छी टाइमिंग कर रहा है, उसे कुछ बहुत अच्छी शुरूआत मिल रही हैं। हां, वह निराश भी है कि वह इन्हें बड़ी पारियों में नहीं बदल पा रहा है।% उन्होंने कहा, 'हमने रोहित को 14-15 ओवर तक गहराई से बल्लेबाजी करते और बड़े स्कोर बनाते देखा है , इसलिए उन्हें किस सलाह की जरुरत नहीं है। यह केवल समय की बात है। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और मैं उसकी फॉर्म को लेकर परेशान नहीं हूं।

मुंबई इंडियंस को लगातार पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पंजाब किंग्स से मिली हार को लेकर जयवर्धने ने कहा, 'हम छह बल्लेबाजों के साथ खेल रहे थे और हमने मैच में जीत के लिए पूरा प्रयास किया था।% पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे सूर्यकुमार ने 30 गेंद में 43 रन बनाये पर वह 19वें ओवर में आउट हो गए।

कोच ने कहा, 'पावरप्ले में गेंदबाज गेंद को थोड़ा स्विंग करते हैं इसलिए मैं सूर्या का उस हालात में नहीं लाना चाहता था क्योंकि इससे वह अपना स्वाभाविक खेल नहीं खेल पाता। यह रणनीति का हिस्सा था।

व्यापार न्यूज

नेपाल के वित्त मंत्री ने प्रवासियों से देश में डॉलर खाते खोलने का कहा

काठमांडू । नेपाल सरकार ने विदेशों में रह रहे नेपालियों से कहा है कि आर्थिक संकट से गुजर रहे अपने देश के बैंकों में वे डॉलर खाते (विदेशी मुद्रा खाते) खुलवाएं और निवेश करें। विश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण पर्यटन घटने से नेपाल के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आई है। प्रवासी नेपाली संघ (एनआरएन) द्वारा आयोजित एक डिजिटल कार्यक्रम में नेपाल के वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा ने कहा कि प्रवासी नेपालियों द्वारा नेपाल के बैंकों में डॉलर खाते खोलने से देश को विदेशी मुद्रा की कमी के संकट से उबरने में मदद मिलेगी। यदि 1,00,000 प्रवासी नेपाली देश के बैंकों में 10,000 डॉलर की दर से खाते खोलते हैं तो नकदी की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा ?कि हमारे पास अगले छह से सात महीने के लिए माल एवं सेवाएं खरीदने के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा है। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय बैंक के पास 9.58 अरब डॉलर का कोष है। उन्होंने कहा कि नेपाल आने वाले पर्यटकों को निःशुल्क वीज़ा देने के बारे में चर्चा चल रही है जो प्रवासियों के लिए भी सरल होगी।

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बढ़ाई वाहनों की कीमत

मुंबई । महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने सभी मॉडलों की कीमत में 2.5 फीसदी बढ़ोतरी कर रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। वाहन कंपनी ने कहा कि इस वृद्धि के बाद उसके विभिन्न मॉडलों के शोरूम दाम 10,000 रुपए से 63,000 रुपए तक बढ़ जाएंगे। कंपनी ने कहा कि इस्पात, एल्युमीनियम जैसे महत्वपूर्ण जिंसों के दाम बढ़ने की वजह से उसे यह कदम उठाना पड़ा है। वह जिस कीमतों में हुई वृद्धि का बड़ा बोझ खुद वहन करने का प्रयास कर रही है और ग्राहकों पर इसका आंशिक प्रभाव पड़ेगा। कंपनी थार और एक्सयूवी 700 मॉडल बेचती है। उसने कहा कि वह अपने बिक्री और डीलर नेटवर्क के जरिये ग्राहकों को कीमतों में वृद्धि के बारे में जानकारी देने का प्रयास कर रही है। एमेजॉन ने अपनी बढ़ती लागत को कम करने के लिए घोषणा की है कि वह तृतीय-पक्ष विक्रेताओं से वसूले जाने वाले शुल्क पर पांच फीसदी ईंधन एवं मुद्रास्फीति अधिभार लगाएगा। तृतीय-पक्ष विक्रेता वे हैं जो इस ई-कॉमर्स कंपनी की सेवाओं का उपयोग करते हैं। एमेजॉन ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि यह अतिरिक्त शुल्क 28 अप्रैल से प्रभाव में आएगा और यह परिधान और गैर-परिधान दोनों प्रकार की वस्तुओं पर लागू होगा। इससे पहले कंपनी ने नवंबर में शुल्क वृद्धि की घोषणा की थी जो जनवरी से लागू हुई थी। कंपनी की ओर से हालिया फैसले के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी गई।

ओयो मंच पर बुकिंग का आंकड़ा 2022 में सबसे अधिक

नई दिल्ली । ओयो के मंच पर बीते साप्ताहांत 8-10 अप्रैल के दौरान 3.1 लाख से अधिक लोगों ने बुकिंग की। यात्रा और आतिथ्य प्रौद्योगिकी मंच ने कहा कि यह 2022 का अब तक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। ओयो ने कहा कि नवरात्रि और अष्टमी के साथ बीते साप्ताहांत बुकिंग का आंकड़ा गणतंत्र दिवस, होली और वैलेंटाइन डे जैसे साप्ताहांत से भी अधिक रहा है। ओयो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देशभर में यात्रा को लेकर आशावाद अपने उच्चतम स्तर पर है। चूंकि कोविड-19 महामारी संबंधित प्रतिबंधों में ढील दी गई है और हवाई यात्रा से भी अंकुश हटा दिए गए हैं, ऐसे में लोग अपने प्रियजनों के साथ त्योहार मनाने, गर्मी की छुट्टियों पर बाहर जाने और अपने लंबे साप्ताहांत का अधिकतम लाभ उठाने के लिए उत्सुक हैं। ओयो ने कहा कि 8-10 अप्रैल के दौरान श्रीनगर, मनाली, शिरडी, प्रयागराज, चंडीगढ़, ग्वालियर और लुधियाना जैसे छुट्टियां बिताने के स्थलों के लिए बुकिंग में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। इसके अलावा ओयो के दो लाख से अधिक होटलों में कमरों की बुकिंग शतप्रतिशत रही। बुकिंग के इन आंकड़ों से पता चलता है कि 2022 का साल यात्रा के लिए काफी अच्छा रहने वाला है।

भारत को मिस्र ने गेहूं आपूर्तिकर्ता के रूप में मंजूरी दी: उद्योग मंत्री

अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 के बीच भारत का गेहूं निर्यात बढ़कर 1.74 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यूक्रेन और रूस से गेहूं का सर्वाधिक आयात करने वाले देश मिस्र ने भारत को गेहूं आपूर्तिकर्ता के रूप में मंजूरी दी है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के कारण वैश्विक बाजारों में गेहूं की उपलब्धता में तेजी से गिरावट आई है। ये दोनों ही देश गेहूं के प्रमुख उत्पादक और निर्यातक हैं। मिस्र ने 2020 में रूस से 1.8 अरब डॉलर का और यूक्रेन से 61.08 करोड़ डॉलर के गेहूं का आयात किया था। अब मिस्र भारत से 10 लाख टन गेहूं का आयात करना चाहता है और अप्रैल में उसे 2,40,000 टन गेहूं की आवश्यकता होगी। गोयल ने ट्वीट किया ?कि भारतीय किसान दुनिया का पेट भर रहे हैं। मिस्र ने भारत को गेहूं आपूर्तिकर्ता के तौर पर मंजूरी दी है। दुनिया सतत खाद्य आपूर्ति के भरोसेमंद वैकल्पिक स्रोत की खोज में है, ऐसे में मोदी सरकार आगे आई है। हमारे किसानों ने भंडारों को भरा रखा और हम दुनिया की सेवा करने के लिए तैयार हैं। अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 के बीच भारत का गेहूं निर्यात बढ़कर 1.74 अरब डॉलर का हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 34.017 करोड़ डॉलर था। 2019-20 में गेहूं निर्यात 6.184 करोड़ डॉलर का था जो 2020-21 में बढ़कर 54.967 करोड़ डॉलर हो गया था।

भारत गेहूं का निर्यात मुख्य रूप से पड़ोसी देशों को करता है जिनमें सर्वाधिक 54 फीसदी निर्यात बांग्लादेश को किया जाता है। भारत ने यमन, अफगानिस्तान, कतर और इंडोनेशिया जैसे देशों के नए गेहूं बाजार में भी प्रवेश किया है। 2020-21 में भारत से गेहूं का आयात करने वाले शीर्ष दस देशों में बांग्लादेश, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, यमन, अफगानिस्तान, कतर, इंडोनेशिया, ओमान और मलेशिया हैं।दुनिया के कुल गेहूं निर्यात में भारत की हिस्सेदारी एक फीसदी से भी कम है। हालांकि उसकी हिस्सेदारी 2016 में 0.14 प्रतिशत से 2020 में बढ़कर 0.54 प्रतिशत हो गई थी। भारत गेहूं का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और दुनिया में 2020 में गेहूं के कुल उत्पादन में उसकी हिस्सेदारी करीब 14.14 फीसदी थी। भारत सालाना करीब 10.759 करोड़ टन गेहूं का उत्पादन करता है।

टाटा पावर अक्षय ऊर्जा कारोबार बढ़ाने जुटाएगी 4,000 करोड़

मुबई । टाटा समूह की बिजली इकाई टाटा पावर ने कहा कि वह अपने अक्षय ऊर्जा कारोबार का विस्तार करने की योजना बना रही है। कंपनी ब्लैकरॉक और मुबाडला सहित निवेशकों के एक समूह को 10.53 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर 4,000 करोड़ रुपए (52.5 करोड़ डॉलर) जुटाएगी। टाटा पावर ने कहा कि उसका लक्ष्य एक समग्र ऊर्जा प्लेटफॉर्म तैयार करने का है, जिसके लिए उसने ब्लैकरॉक की अगुआई वाले कंसोर्टियम से निवेश के लिए बाध्यकारी समझौता किया है। इसके तहत कंसोर्टियम टाटा पावर की सहायक इकाई टाटा पावर रीन्यूएबल एनर्जी में इक्विटी और अनिवार्य परिवर्तनीय निवेश साधनों के जरिये पूंजी निवेश करेगा। यह निवेश 34,000 करोड़ रुपए के मूल्यांकन पर किया जा रहा है। टाटा पावर के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि यह साझेदारी हमें आगे आने वाले दशकों में आकर्षक अवसरों का लाभ उठाने में मदद करेगी। कंपनी ने कहा कि पूंजी निवेश दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण जून 2022 तक पूरा होगा और निवेश का दूसरा चरण 2022 के आखिर तक पूरा होगा। कंपनी में निवेशकों की शेयरधारिता 9.76 फीसदी से 11.43 फीसदी के दायरे में होगी जो इक्विटी को शेयर में बदलने पर निर्भर करेगी। कंपनी द्वारा नवगठित प्लेटफॉर्म में पांच विशिष्ट कारोबारी क्षेत्र शामिल होंगे। इनमें सौर, पवन और हाइब्रिड बिजली उत्पादन परिसंपत्तियां, सोलर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण, इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) अनुबंध, छतों पर लगाए जाने वाले सौर बुनियादी ढांचा, सोलर पंप और इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए बुनियादी ढांचा प्रमुख हैं।

पॉपुलर टू-व्हीलर कंपनियां करेगी इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च

हीरो के साथ होंडा, सुजुकी और यामाहा भी लाएगी स्कूटर

नई दिल्ली । कुछ वर्षों से भारत में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की खूब बिक्री हो रही है। ऐसे में इस साल हीरो मोटोकॉर्प, सुजुकी, होंडा और यामाहा जैसी पॉपुलर टू-व्हीलर कंपनियां भी इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने की तैयारी में हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में अच्छा कर रही टीवीएस और ऐथर एनर्जी जैसी कंपनी भी बेहतर बैटरी रेंज वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करेगी। बीते एक साल से सुनने को मिल रहा है कि हीरो मोटोकॉर्प जल्द ही मार्केट में नया इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने वाली है। लेकिन अब खबर आ रही है कि इस साल दीवाली तक हीरो मोटोकॉर्प का पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर सड़कों पर दिख सकता है। माना जा रहा है कि लुक और फीचर्स के साथ ही बैटरी रेंज के मामले में हीरो का पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर बजाज, टीवीएस, ऐथर और ओला समेत अन्य कंपनियों से स्कूटर से बेहतर हो सकता है। इस बाबत हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले साल ताइवान बेस्ड ईवी मेकर गोगोरो से हाथ मिलाया था और हाल ही में हीरो मोटोकॉर्प का ऐथर एनर्जी से भी करार हुआ है। इस साल सुजुकी अपने पॉपुलर स्कूटर बर्गमैन का इलेक्ट्रिक वेरिएंट ला सकती है। बीते दिनों सुजुकी बर्गमैन इलेक्ट्रिक की टेस्टिंग के दौरान झलक भी दिखी है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आने वाले समय में होंडा भी अपने बेस्ट सेलिंग स्कूटर एक्टिवा का इलेक्ट्रिक वेरिएंट ला सकती है।

बीएमडब्ल्यू ने 900 एक्सआर बाइक भारतीय बाजार में उतरी

मुंबई । जर्मनी की लग्जरी कार कंपनी बीएमडब्ल्यू ने भारत में एफ 900 एक्सआर बाइक का नया संस्करण उतार दिया है। इस मॉडल की शोरूम कीमत 12.3 लाख रुपये है। कंपनी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि इस बीएमडब्ल्यू मोटरराड डीलरशिप पर बुक किया जा सकता है। बाइक की आपूर्ति जून, 2022 से शुरू होगी। बीएमडब्ल्यू रूप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने कहा, बीएमडब्ल्यू मोटररराड ने भारत में दुनिया की बेहतरीन प्रीमियम मोटरसाइकिलें पेश की हैं और बाइक के शौकीनों के बीच अपने लिए अलग जगह बनाई है। नई एफ 900 एक्सआर 895 सीसी इंजन के साथ आती है। कंपनी का दावा है कि यह बाइक महज 3.6 सेकेंड में शून्य से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है।

अंबुजा सीमेंट और एसीसी लिमिटेड भारत छोड़ने की तैयारी में

नई दिल्ली । अंबुजा सीमेंट और एसीसी लिमिटेड किसी देश में पहचान की मोहताज नहीं है। लेकिन इस बात को शायद नहीं जानते होंगे कि विदेशी कंपनियां हैं। दुनिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी होलकेम रूप भारत से अपना 17 साल पुराना कारोबार समेटने की तैयारी में है। कंपनी ने कोर मार्केट पर फोकस करने की ग्लोबल स्ट्रेटजी तैयार की है। भारतीय बाजार से एक्जिट इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है। मामले से जुड़े सूत्रों की मानें तो होलकेम रूप ने अपनी दोनों लिस्टेड कंपनियों अंबुजा सीमेंट और एसीसी लिमिटेड को सेल पर डाल दिया है। बताया जा रहा है कि होलकेम रूप अपना भारतीय कारोबार बेचने के लिए जेएसडब्ल्यू और अडानी समूह समेत अन्य कंपनियों से बातचीत कर रही है।

रियल लाइफ में ग्लैमरस हैं टीवी की संस्कारी बहू मेघा गुप्ता

टीवी एक्ट्रेस मेघा गुप्ता 13 मई को अपना 36वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। इस खास मौके पर उन्होंने अपने चाहने वालों के लिए अपनी एक बेहद हॉट फोटो शेयर कर उन्हें सरप्राइज गिफ्ट दिया है।मेघा अपनी अभिनय के साथ साथ बोल्ड तस्वीरों को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। इनकी हालिया तस्वीरों को लेकर इंटरनेट पर काफी चर्चा हो रही है। फोटो में एक्ट्रेस का अंदाज उनके रील लाइफ किरदार से बिल्कुल अलग दिख रहा है।मेघा द्वारा शेयर की गई इस नई फोटो में वह खूबसूरती के साथ अपनी हॉट फिगर को फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं।जानकारी के लिए बता दें कि मेघा गुप्ता इससे पहले भी अपनी कई हॉट और बोल्ड फोटो शेयर कर चुकी हैं। मेघा गुप्ता जिन्हें आखिरी बार टीवी शो 'आयुषमान भवः' में 'समीरा' के घरेलू किरदार के रूप में देखा गया। इस शो में वो हमेशा साड़ी या अन्य पारंपरिक पहनावे में दिखी थीं। इस शो के अलावा भी उन्होंने कई शो में संस्कारी बहू बनकर लोगों को दिल जीता है।मेघा गुप्ता ने साल 2004 में टीवी शो 'कुसुम' से टीवी डेब्यू की थीं। इस शो में मेघा फेक कुमुद कपूर के रोल में नजर आई थीं। इसके बाद उन्हों ,'कुमकुम,' 'काव्यांजलि', 'ये है आशिकी', 'प्यार तूने क्या किया', 'ड्रीम गर्ल', 'कोई लौट के आया है'।

कोविड केयर सेंटर बनाएंगी जैकलीन फर्नांडीस

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस कोविड केयर सेंटर बनाने की तैयारी कर रही हैं। कोरोना की दूसरी लहर में बॉलीवुड के कई सेलेब्रिटीज अपने-अपने तरीके से जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे हैं। जैकलीन फर्नांडीस भी कोरोना संकट के समय लोगों की मदद के लिये आगे आयी हैं। पिछले दिनों जैकलीन की कुछ फोटोज सामने आई थीं, जिसमें वह लोगों को खाना खिलाते नजर आ रही थीं। जैकलीन अब एक कोविड केयर सेंटर बनाने की तैयारी कर रही हैं। जैकलीन ने बताया, हम लोग एक कोविड केयर फैसिलिटी सेंटर बनाने पर काम कर रहे हैं। इस सेंटर में 100 हॉस्पिटल बेड्स होंगे, हमारे पास 500 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स आ रहें और हम दो एम्बुलेंस भी खरीदने वाले हैं।

मास्क पहनें और जल्द से जल्द टीका लगवाएं: माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड स्टार माधुरी दीक्षित नेने ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों, अनुयायियों, दोस्तों और उद्योग के सहयोगियों के साथ उनके जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। माधुरी ने शनिवार को अपना 54 वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने रविवार को फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें सभी को शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद कहा। साथ ही, अभिनेत्री ने सभी को याद दिलाया कि हम जिस कठिन परिस्थिति से गुजर रहे हैं, उसे ध्यान में रखते हुए हमें अपना मास्क पहने रखना है । साथ ही जल्द से जल्द टीका लगवाना है । वीडियो में माधुरी ने हिंदी और अंग्रेजी में बात की कहा, सभी को नमस्कार। आशा है कि आप सभी सुरक्षित और स्वस्थ हैं और अपने घरों के अंदर रह रहे हैं। मैं आप सभी को मेरे जन्मदिन पर इतनी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देना चाहती थी, जो आपने मुझे ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक और हर जगह पर भेजा है। आपका बहुत बहुत धन्यवाद। आपका प्यार और शुभकामनाएं मुझे हर एक दिन विशेष महसूस कराती हैं।

सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं अर्जुन बिजलानी

अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने सोशल मीडिया पर अपने नवीनतम पोस्ट को साझा किया है। इंस्टाग्राम पर अर्जुन ने केप टाउन से कई तस्वीरें साझा कीं, जहां वह स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 11 वें सीजन की शूटिंग कर रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, आपका रवैया, आपकी योग्यता नहीं, आपकी ऊंचाई निर्धारित करेगी।अर्जुन के साथ, रियलिटी शो में दिखाई देने वाले अन्य लोगों में श्वेता तिवारी, अभिनव शुक्ला, दिव्यांका त्रिपाठी, निक्की तंबोली, अनुष्का सेन, राहुल वैद्य जैसे नाम शामिल हैं और सभी एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देंगे ।

अल्लू अर्जुन ने 'पुष्पा' के लिए ली है करोड़ों की फीस

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के चाहने वालों की लिस्ट बहुत ही लंबी है. एक्टर की फिल्मों को हर एक फैन को बेसब्री से इंतजार रहता है. अल्लू की जब भी फिल्म आती है छा जाती है. ऐसे में एक्टर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म पुष्पा को लेकर चर्चाओं में है. फिल्म में एक्टर की फीस भी सुर्खियां बटोर रही हैय इस फिल्म के अहम हिस्से की शूटिंग भी हो चुकी है. हाल ही में रिपोर्ट्स सामने आई थी कि अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टार पुष्पा को मेकर्स 2 भागों में रिलीज करने वाले हैं. जिसके बाद से फैंस फिल्म को लेकर और भी ज्यादा एक्साइटेड हैं. हाल ही में फिल्म को लेकर एक चौंकाने वाली बात सामने आई है, जिसका कनेक्शन अल्लू अर्जुन है. रिपोर्ट्स हैं कि साउथ फिल्म स्टार अल्लू अर्जुन अपनी इस मचअवेटेड फिल्म के लिए मोटी रकम वसूल रहे हैं. खबर के अनुसार एक्टर ने इस फिल्म के लिए 50 करोड़ की फीस ली है. लगातार मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अल्लू अर्जुन पुष्पा के लिए पूरे 50 करोड़ रुपये की भारी भरकम फीस वसूल रहे हैं. हालांकि इस बात पर अभी तक किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. इस फिल्म को अल्लू अर्जुन के प्रोड्यूसर पिता अल्लू अरविंद के साले साहब मुत्तमसेट्टी को-प्रोड्यूस कर रहे हैं. साथ ही फिल्म के निर्देशक सुकुमार हैं.इस फिल्म की टीजरअल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर रिलीज किया गया था. जिसके बाद से ही फैंस को लेकर बेकरार हैं. ऐसे में अब जब से अल्लू अर्जुन की फीस की बात सामने आई है फैंस और भी ज्यादा क्रेजी हो रहे हैं. पुष्पा में शनल अवॉर्ड विनर एक्टर फहाद फासिल मेन विलेन के रोल में दिखने वाले हैं. फिल्म इसी साल अगस्त में रिलीज हो सकती है. हाल ही मेंसाउथ फिल्म स्टार अल्लू अर्जुन को कोरोना ने अपनी चपेट में ले लिया था. इस बात की जानकारी एक्टर ने दी थी, जिसके बाद फिल्म स्टार ने खुद को क्वारंटाइन कर दिया था और वो होम आइसोलेशन में लंबे वक्त तक रहे थे।

पोस्टर में मुझे देख दिल दे बैठे थे हरभजन : गीता बसरा

भारतीय ?क्रिकेट टीम के पूर्व बॉलर हरभजन सिंह की पत्नी गीता बसरा ने अपनी शादी को लेकर दिलचस्प खुलासा किया है। एक इंटरव्यू के दौरान गीता बसरा ने बताया कि जब मेरी फिल्म द ट्रेन का पोस्टर रिलीज हुआ। तभी हरभजन मुझे देख दिल दे बैठे थे। फिल्म इंडस्ट्री के कुछ लोगों से मेरे बारे में पूछताछ करने लगे थे। हालांकि मुझे हरभजन सिंह कौन है? इसके बारे में बिल्कुल पता नहीं था क्योंकि मैं क्रिकेट देखती ही नहीं थी। गीता ने कहा, मेरी फिल्म के पोस्टर में ही देखकर हरभजन ने मुझे पसंद कर लिया। फिर मेरा गाना रिलीज हुई वो अजनबी। इसके बाद हरभजन मेरे बारे में पूछताछ करने लगे कि कौन है ये लड़की। कहां

की है। वहीं मुझे क्रिकेट देखने में कोई दिलचस्पी नहीं थी इसलिए मुझे हरभजन सिंह कौन है? क्या है? बिल्कुल भी पता नहीं था। हरभजन और गीता ने 29 अक्टूबर साल 2015 में जालंधर में शादी रचाई थी। फिलहाल उनकी एक बेटी का जिसका नाम हिनाया है और जल्द ही गीता अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। अपने एक इंटरव्यू में गीता ने दूसरी बार मां बनने का अनुभव भी फैंस के साथ शेयर किया था। उन्होंने बताया कि दूसरी प्रेग्नेंसी मेरे लिए थोड़ा कठिन है और अलग भी है। इस दौरान कुछ चीजें हैं जो मैं बिल्कुल भी खा नहीं सकती। कुछ महीनों में चीजें थोड़ी बदल जाएंगी। हिनाया बहुत खुश है और वह काफी एक्साइटेड भी है। बता दें कि गीता बसरा ने साल 2006 में दिल दिया है से बॉलिवुड में डेब्यू किया था।

राधे: योर मोस्ट वांटेड भाई को मिल रही सराहना से खुश हैं सलमान खान

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी फिल्म राधे: योर मोस्ट वांटेड भाई को मिल रही सराहना से खुश हैं। प्रभुदेवा के निर्देशन में बनीं सलमान खान की फिल्म 'राधे योर मोस्ट वांटेड भाई' ईद के अवसर पर रिलीज हो गयी है। राधे: योर मोस्ट वांटेड भाई में सलमान खान के साथ दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा और जैकी श्रॉफ भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म को काफी ज्यादा पसंद भी किया जा रहा है। राधे को इतना ज्यादा प्यार मिलता देख सलमान खान ने भी फैन्स के लिए एक प्यारा सा नोट शेयर किया है। सलमान ने ट्विटर पोस्ट शेयर किया है। सलमान ने लिखा, पहले तो ईद की ढेर सारी शुभकामनाएं और मेरी फिल्म राधे को इतना ज्यादा प्यार देने के लिए आप सभी का बहुत- बहुत धन्यवाद। फिल्म इंडस्ट्री आपके प्यार और समर्थन पर ही कायम है। आपका बहुत- बहुत शुक्रिया कि आप लोगों ने इस फिल्म को पहले ही दिन सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बना दिया है।

एंजल राय अब सिनेमा में आने को तैयार

सोशल मीडिया पर चर्चित एंजल राय अब फिल्मों में आने को तैयार है। उन्होंने हाल ही में अपनी पहली साउथ फिल्म साइन की है। राय इंडियन आइडल के विजेता सलमान अली के साथ एक नया गाना भी कर रही हैं। एक गायिका के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने वाली एंजल ने अपने आकर्षक वीडियो से लाखों लोगों का दिल जीत लिया है। शॉर्ट वीडियो प्रारूप के माध्यम से, उन्होंने एमएक्स टकाटक ऐप पर अपनी प्रतिभा दिखा कर पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। एमएक्स टकाटक पर उनके 1.4 करोड़ से ज्यादा फॉलोवर्स हैं जबकि करोडों लोग उनको पसंद करते हैं। एंजल ने बताया कि वे जल्द ही एक साउथ फिल्म में नजर आएंगी। उन्होंने बताया कि वे हाल ही में अपनी पहली साउथ फिल्म साइन की है। राय कहती हैं , इंडियन आइडल के विजेता सलमान अली के साथ एक नया गाना भी कर रही हूं। एंजल राय के सांग रोई ना जे याद मेरी को पहले ही यूट्यूब पर मिलियंस व्यूज हासिल किए हैं। एंजल मॉडल भी है जो सोशल मीडिया पर हमेशा चचाओं में रहती है। इंस्टाग्राम पर दो मिलियन और कई डिजिटल ऐप पर दस मिलियन से ज्यादा लोगों की पसंदीदा एंजल राय जी म्यूजिक के कई सारे गानो में नजर आई हैं। इससे पहले एंजल की एक नजर, रांझरा, आने वाले पल, बॉलीवुड के मशहूर सिंगर जुबिन गर्ग के साथ मिलकर गाया था।

लाल रंग की लिपस्टिक लगाने के बाद लड़कियों के मन में आते हैं ऐसे ख्याल

लड़कियों को सजना संवारना बहुत पसंद होता है। इसके लिए लड़कियां कई मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती है। और लाल लिपस्टिक उनकी सुंदरता में चार चाँद लगाती है। इससे लड़की बेहद सेक्सी भी लगती है। रेड लिपस्टिक लगाने के बाद कई बार लड़कियों के मन में कई ख्याल भी आने लगते हैं। लड़की के मन में आती है ये बातें.... रेड लिपस्टिक लगाने के बाद लड़कियां ज्यादा सेक्सी और आकर्षक लगती है। उनके मन में भी प्यार और रोमांस भरी बातें घर करने लगती है। लाल लिपस्टिक लगाने के बाद खाते-पीते समय ध्यान रखना पड़ता है। अक्सर लड़कियों को इस बात की टेंशन हो जाती है कि उनकी लिपस्टिक खाने के दौरान खराब तो नहीं हो गई। कही चेहरे पर तो नहीं फैल गयी। उनको लगता है कि कहीं इसका लाल रंग बुरा तो नहीं लग रहा। कहीं मैं वैंपायर तो नहीं लग रही? कही यह मेरे चेहरे पर मैच तो नहीं कर रहा है। मुझे एक बार वॉशरूम जाकर लिपस्टिक चेक कर लेनी चाहिए। उसकी रूमाल पर मेरे लिपस्टिक के निशान तो नहीं पड़ जायेंगे।

थकान दूर करने के लिए वर्कआउट के बाद इन 5 एनर्जी ड्रिंक्स का करें सेवन

हम सब ये अच्छी तरह से समझते है कि वर्कआउट के पश्चात काफी थकान महसूस होती है। किंतु आज हम आपको थकान को दूर करने के कुछ एनर्जी ड्रिंक के बारे में बताने जा रहे है जिन्हें पीने के बाद आप थकान से राहत पा सकते है।

संतरे का जूस

संतरे के जूस में विटामिन सी की मात्रा ज्यादा होती है। ये शरीर को ऊर्जावान बनाता है। इसलिए वर्कआउट के पश्चात आप ये ड्रिंक्स भी पी सकते हैं।

व्हीट्ग्रास ड्रिंक

व्हीट्ग्रास ड्रिंक में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। इसका जूस पीने से इंस्टेंट एनर्जी प्राप्त होती है।

चॉकलेट शेक

चॉकलेट शेक थकान कम करने में काफी सहायता करता है। इसलिए वर्कआउट के पश्चात आप इसका सेवन भी कर सकते है।

गाजर का जूस

गाजर का जूस पोषक तत्वों से समृद्ध होता है। ये शरीर को तरोताजा रखने हेतु कार्य करता है।

मोहन भागवत-मुंगेरीलाल के हसीन सपने

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

आज प्रभाती में समाचार पत्र के माध्यम से यह शुभ जानकारी मिली की भारत फिर से अखंड भारत बनेगा .सबसे पहले चश्मा पौंछा और फिर से समाचार पढ़ा ,तो जंचा की सही लिखा हैं .भागवत जी अखंड भारत तो नहीं बना पायेगें पर महाभारत जरूर कराएँगे .सबसे पहले अखंड भारत की व्याख्या बताएं .अखंड यानी ऐतहासिक या राजनैतिक नक्शा के अनुसार भारत की कल्पना .इतिहास में पढ़ा था की भारत वर्ष अफगानिस्तान से जावा ,सुमात्रा तक फैला था .और याद के आधार पर जरूर कह सकता हूँ और भी विस्तृत होगा .महाभारत की घटना में सुई की नौक बराबर जमीन न देने पर कौरव पांडव युध्य हुआ था और भगवान् कृष्ण स्वयं मौजूद थे वे नहीं दिला पाएं जमीन .आज हमारे देश में सर्वमान्य नेता कौन हैं ?चुने हुए प्रतिनिधि हमेशा एक को हराकर जीतते हैं उनमे कलुषता रहती ही हैं .बहुमत के आधार पर सत्ता पा सकते हैं पर दिलों पर राज नहीं कर सकते .अखंड भारत की कल्पना का उद्देश्य क्या हैं समझ से परे लगता हैं .कारण पाकिस्तान ,अफगानिस्तान ,बांग्ला देश ,बर्मा आदि को अधिग्रहित करेंगे यानी हम भी विस्तारवादी नीति को बढ़ावा देंगे .क्या अन्य पडोसी राष्ट्र इतनी जल्दी स्वीकार लेंगे .आज रूस और यूक्रेन का युध्य किस बात पर लड़ा जा रहा हैं .अहम और अस्तित्व की लड़ाई .कोई भी किसी की अधीनता नहीं स्वीकार कर सकता हैं .यदि यह भाव वर्तमान में हमारे पडोसी चाहे तो क्या आप स्वीकार करेंगे ? यह असाध्य रोग हैं ,और असाध्य रोग और रोगी के लिए चिंता नहीं करनी चाहिए मरीज़ और चिकित्सक को .वर्तमान में सब शक्तिशाली हैं और शक्ति हीन कमजोर को मानना अज्ञानता होती हैं .जैसे आप अपनी मातृ भूमि के प्रति दीवानी रखते हैं वैसे सब रखते हैं .इसलिए इस बात में कोई दम नहीं हैं . हमें अखंड भारत की अपेक्षा शिक्षित ,सम्पन्न,सुख शांति मय बनाने का प्रयास करे .जो पूर्व में हमारे इष्ट जैसे राम ,कृष्ण महावीर ,बुद्ध आदि द्वारा प्रतिपादित मूल सिद्धांतों को भारत में स्थापित करे .भाषणों में नहीं वास्तविकता में .कोरी लफ्फ़ाज़ी से कुछ नहीं होगा .आज अशांति ,हिंसा ,जातिवाद ,भ्र्ष्टाचार ,अनाचार दुराचार व्यभिचार इतनी अधिक मात्रा में व्याप्त हैं जिनको दूर करना पहली प्राथमिकता होगी .आज हमारी आबादी इतनी अधिक हैं और अन्य देशों को बनाकर अखंड भारत की व्यवस्था बनाना बहुत कठिन होगा .अविभाजित भारत न होता तो वर्तमान में हमारा जीना दुश्वार हो जाता ,कारण जातिगत वैमन्सयता ,कटुटता इतनी गहरी होती जो अकल्पनीय होती . थोड़ा हैं थोड़ी की जरुरत हैं .जो हैं उसी को सँवारे सजाएँ .हमारे हमारे नेता उस पार्टी को ही वर्षों से कोसते आ रहे हैं और वसुदेव कुटुंबकम की बातें करते हैं .ये दोगलापन कब ख़तम होगा .एक बात ध्यान रखना कोई भी जीव किसी अन्य को नुक्सान नहीं पहुँचता .उसके द्वारा किये गए कर्मों का फल स्वयं भोगना पड़ता हैं .उत्थान पतन जीवन का एक क्रम हैं .इसमें हर्ष विषाद की जरुरत नहीं हैं .सबको अपने अपने पुण्य पाप का फल भोगना पड़ता हैं ,कभी जल्दी कभी देरी से ,पर भोगना जरूर पड़ता हैं .जो जन्मा हैं उसका मरण भी निश्चित हैं . अखंड भारत की कल्पना नए युग का महभारत होगा और अंत विनाश।

आपसी गुटबाजी में फंसी भाजपा

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में 2023 के आखिरी महिने में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसके लिए सभी राजनीतिक दल अभी से अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। मगर मुख्य विपक्षी दल भाजपा गुटबाजी में फंसी हुई है। भाजपा के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में ही उलझे हुये हैं। राजस्थान में भाजपा की सबसे बड़ी नेता वसुंधरा राजे जहां खुद को अगले विधानसभा चुनाव में नेता प्रोजेक्ट करने की जिद कर रखी हैं। वही उनका विरोधी गुट किसी भी सूरत में उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं।

वसुंधरा राजे प्रदेश में भाजपा की कद्दावर नेता मानी जाती है। राजस्थान में दो बार मुख्यमंत्री व दो बार प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही केंद्र सरकार में मंत्री रह चुकी है। राजस्थान में भाजपा के अंदर बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. सतीश पूनिया वसुंधरा राजे विरोधी खेमे के नेता माने जाते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निकटता के चलते पूनिया को संघ का पूरा समर्थन प्राप्त है। पुनिया चाहते हैं कि अगला विधानसभा चुनाव पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व चेहरे पर लड़े।

पूनिया का कहना है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे प्रदेश की मुख्यमंत्री थी। पार्टी ने उन्हें ही अगला मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़ा था। तब वसुंधरा राजे के नेतृत्व में पार्टी को हार मिली थी। विधायकों की संख्या 163 से सिमटकर 73 रह गई थी। पूनिया गुट के नेताओं का कहना है कि यदि वसुंधरा राजे का मतदाताओं पर प्रभाव रहता तो उनके मुख्यमंत्री रहते पार्टी बुरी तरह से चुनाव क्यों हारती ? विधानसभा चुनाव के कुछ महीनों बाद ही 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ी थी और सभी 25 लोकसभा चुनाव पर जीत हासिल की थी।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया भी सतीश पूनिया के साथ मिलकर वसुंधरा राजे की खिलाफत कर रहे हैं। वहीं केंद्र में जल शक्ति मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नजदीकी लोगों में शुमार होते हैं। उनका अपना तीसरा धड़ा प्रदेश में सक्रिय हैं। मगर वसुंधरा राजे को प्रदेश की राजनीति से दूर रखने में वह भी प्रदेश अध्यक्ष डा. सतीश पूनिया के खेमे से जुड़ गए हैं। गजेंद्र सिंह शेखावत को प्रधानमंत्री मोदी से नजदीकी के चलते ही जल शक्ति जैसा बड़ा मंत्रालय दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी राजस्थान भाजपा के बड़े नेता माने जाते हैं। मगर संवैधानिक पद पर रहने के कारण वह खुले तौर पर किसी भी गुट से संबंद्ध नहीं है। हालांकि समय आने पर ओम बिरला मुख्यमंत्री पद के सबसे प्रबल दावेदारों में शामिल हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री रहते वसुंधरा राजे को पूरा फ्री हैंड दिया गया था। प्रत्याशियों के चयन से लेकर चुनाव प्रचार तक की पूरी कमान वसुंधरा राजे व उनके विश्वस्त लोगों के हाथों में थी। पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को राजस्थान भाजपा का अध्यक्ष बनाना चाहते थे। मगर उस वक्त मुख्यमंत्री रहते वसुंधरा राजे ने वीटो कर गजेंद्र सिंह की ताजपोशी रुकवा दी थी। उन्होने अपने निकट के मदन लाल सैनी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनवा दिया था। विधानसभा चुनाव के कारण उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह वसुंधरा के दबाव में उनकी पसंद के नेता सैनी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया था। मगर विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद वसुंधरा राजे को किनारे किया जाने लगा।

मदन लाल सैनी का अचानक निधन हो जाने से उनके स्थान पर भाजपा आलाकमान ने वसुंधरा राजे विरोधी धड़े के डा. सतीश पूनिया को राजस्थान भाजपा का अध्यक्ष बना दिया। तभी से वसुंधरा राजे भाजपा आलाकमान से नाराज है। हालांकि वसुंधरा राजे को भी पार्टी नेतृत्व ने भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना कर समायोजित कर दिया

था। मगर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी में उनकी कोई भूमिका नहीं रखी गई। ऐसे में वसुंधरा राजे मात्र दिखावटी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बन कर रह गई है। राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी वसुंधरा राजे को स्टार प्रचारक बनाकर नहीं भेजा जाता है।

अपनी उपेक्षा से क्षुब्ध वसुंधरा राजे इन दिनों बहुत भाग दौड़ कर सक्रिय हो रही है। हाल ही में वो दिल्ली में सरकार व संगठन के कई बड़े नेताओं से मिल चुकी है। उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी पहुंचकर वसुंधरा राजे ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी। राजस्थान में वसुंधरा राजे विचार मंच के नाम पर उनके समर्थक पार्टी के समानांतर एक संगठन चला रहे हैं। जिसके माध्यम से समय-समय पर वसुंधरा राजे को प्रदेश नेतृत्व सौंपने की मांग की जाती रही जा रही है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. सतीश पूनिया प्रारंभ से ही संघ से जुड़े रहे हैं। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भाजपा युवा मोर्चा व प्रदेश भाजपा संगठन के विभिन्न पदों पर काम करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। इस कारण उनकी पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधी जान पहचान है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद डा. सतीश पूनिया लगातार राजस्थान में दौरे कर रहे हैं। पूनिया ने पिछले दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे घनश्याम तिवारी की भी पार्टी में पुनः वापसी करवाई है। घनश्याम तिवारी वसुंधरा राजे से नाराजगी के चलते ही पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व पार्टी छोड़कर अपनी अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े थे। जिसमें वह बुरी तरह फेल हो गए थे। फिर घनश्याम तिवारी कांग्रेस में शामिल हो गए थे। मगर प्रदेशाध्यक्ष पूनिया के प्रयासों से वह फिर से भाजपा में शामिल होकर धीरे-धीरे सक्रिय हो रहे हैं। राजस्थान भाजपा में वसुंधरा राजे द्वारा हासिये पर लगाए गए सभी नेता प्रदेश अध्यक्ष डा. पूनिया के साथ लगे हुए हैं। उनका प्रयास है कि किसी भी स्थिति में वसुंधरा राजे को फिर से प्रदेश की कमान नहीं सौंपी जाए ना ही उनके नेतृत्व में उनको मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट कर विधानसभा का अगला चुनाव लड़ा जाए। वसुंधरा राजे के भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने व उन्हें केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाने के बाद पार्टी आलाकमान वसुंधरा राजे को पूरी तरह से राजस्थान से बाहर करने के मूड में नजर आ रहा है। इस बात की वसुंधरा राजे को भी पूरी जानकारी है। इसीलिए अपने को प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रखने के लिए वसुंधरा राजे आलाकमान पर दबाव बना रही है।

एक समय था जब वसुंधरा राजे राजस्थान की एक छात्र नेता हुआ करती थी। भैरों सिंह शेखावत के उपराष्ट्रपति बनने के बाद पूरे प्रदेश की भाजपा पर उनका नियंत्रण था। उपराष्ट्रपति से हटने के बाद जब भैरों सिंह शेखावत फिर से राजनीति में सक्रिय होने का प्रयास करने लगे तो वसुंधरा राजे ने उन्हें सिरे से खारिज कर ऐसी परिस्थितियां बना दी थी कि भैरोंसिंह शेखावत को अपने दामाद नरपत सिंह राजवी की विधानसभा सीट जिताने के लिए घर-घर जाकर चुनाव प्रचार करना पड़ा था। आज भाजपा की राजनीति में वही वसुंधरा राजे अप्रासंगिक हो चुकी है। इस बात का उन्हें भी पता है। मगर फिर भी वह राजनीति में बने रहने के लिए अपना अंतिम प्रयास कर रही है। हालांकि इस बात का पता तो आगे जाकर ही चलेगा कि राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा अपनी उपस्थिति बरकरार रख पाती है।

संयम से जीवन की उन्नति

कार्तिय माहात्म्य प्रवचनों में पं. रामनिवास ब्रजवासी जी ने कहा शरद ऋतु में की जाने वाली उपासनाओं से जहाँ चंद्र किरणों से प्राप्त होने वाले अमृत तत्व से देह का सिंचन होता है, वहीं सूर्य की रश्मियों की प्रचुर ऊर्जा से उस अमृत तत्व की शरीर में स्थिरता होती है इसीलिए कार्तिक मास में प्रात? पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान विष्णु शालीग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है। इन दिनों ब्रजवासी जी कार्तिक माहात्म्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु के सहस्रनाम का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में संयम एवं धर्म में चलने की प्रेरणा मिलती है। जीवन को उन्नत बनाने में संयम का बहुत महत्व है। संयमी व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं छोड़ता। शालिग्राम पूजन में पंचामृत का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा गाय का दूध, दही, घी व शहद और शक्कर से शालिग्राम भगवान का अभिषेक करना चाहिए। वस्तुत~ इन पांचों का मंत्रोच्चारण के साथ मिल जाना ही पाँच प्रकार के अमृतों का मिलना है। इसमें तुलसीदल डाल देने के बाद यह चरणामृत बन जाता है जिसका प्रसाद में ग्रहण कर लेने पर सभी प्रकार की आधियाँ-व्याधियाँ अर्थात मानसिक रोग तथा शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। हमारी उपासना विधियाँ जहाँ मनुष्य को धार्मिक बनाती है वही शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ भी बनाती है।

बेहतर मानसून

सिद्धार्थ शंकर

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मानसून 2022 को लेकर बड़ी जानकारी दी है। यह जानकारी आम लोगों से लेकर किसानों तक के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के दौरान भारत में सामान्य बारिश होने की संभावना है। यह बारिश 1971-2020 की अवधि के 87 सेमी की लंबी अवधि के औसत का 96 प्रतिशत से 104 प्रतिशत होगी। इससे पहले, मौसम विभाग ने 1961-2010 की अवधि के दौरान 88 सेमी बारिश की भविष्यवाणी की थी। इस बार जून से सितंबर के दौरान 868.6 मिमी होगी जबकि पहले यह 880.6 मिमी थी। यानी माने तो बारिस इस बार सही समय पर होगी। प्रायद्वीपीय भारत के उत्तरी भाग, मध्य भारत, हिमालय की तलहटी और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। मानसून के साथ-साथ बारिश पर ला नीना का असर भी दिखेगा। पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों, उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों और दक्षिणी प्रायद्वीप के दक्षिणी हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। बता दें कि 2021 में, जून से सितंबर तक चार महीने के दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के दौरान देश में सामान्य वर्षा हुई। यह लगातार तीसरा वर्ष था जब देश में सामान्य या सामान्य से ऊपर की श्रेणी में बारिश दर्ज की गई। 2019 और 2020 में बारिश सामान्य से अधिक रही। इससे पहले निजी मौसम पूर्वानुमान कंपनी स्काईमेट द्वारा जारी मानसून के पूर्वानुमान में भी इस साल मानसून सामान्य रहने की बात कही गई थी। इस साल राजस्थान में कम बारिश होने की संभावना है। गुजरात, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। हालांकि, उत्तर प्रदेश, पंजाब और मध्य प्रदेश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। कुल मिलाकर खुशखबरी है कि इस बार अच्छी बारिश होगी। यह देश के कृषि क्षेत्र के साथ-साथ समूची अर्थव्यवस्था के लिए संतोषजनक बात है। कृषि क्षेत्र की हालत अर्थव्यवस्था को काफी हद तक प्रभावित करती है। इसलिए मानसून को लेकर मौसम विभाग ने जो अनुमान व्यक्त किए हैं, वे

राहत देने वाले हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य रहने की उम्मीद है। मानसून को लेकर यह इस साल का मौसम विभाग का पहला अनुमान है। इसके मुताबिक जून से सितंबर के बीच 96 प्रतिशत से 104 प्रतिशत बारिश होगी। अगर इसमें कोई कमी-बेशी रही भी, तो यह पांच फीसद से ज्यादा नहीं होगी। मौसम विभाग उपग्रहों से मिलने वाले आंकड़ों से ही मानसून के रुख का आकलन करता है, इसलिए अनुमानों में मॉडल संबंधी त्रुटि हो सकती है। रिजर्व बैंक भी अपनी मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को लेकर जो कदम उठाता है उसमें मानसून संबंधी आकलन एक बड़ा और महत्वपूर्ण पहलू होता है। महंगाई का ग्राफ किधर जाएगा, यह भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर करता है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी सुखद संकेत है। यह लगातार तीसरा साल है जब मौसम विभाग ने सामान्य मानसून की भष्यिवाणी की है। प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहेगा, जिसकी वजह से ला-नीनो बनेगा और यह प्रभाव ही अच्छे मानसून का कारक साबित होगा। हालांकि, कई बार ऐसा भी हुआ है कि मानसून को लेकर मौसम विभाग की भविष्यवाणी सटीक साबित नहीं हुई। 2005 से 2017 के दौरान सात बार ऐसा हुआ जब मौसम विभाग की भविष्यवाणियां खरी नहीं उतरीं। अनुमानित और वास्तविक बारिश में कई बार खासा फर्क देखने को मिलता है। इससे सबसे ज्यादा निराशा किसान को होती है जो अच्छी पैदावार की आस लगाए रहता है। अर्थव्यवस्था भी इससे अछूती नहीं रहती। पैदावार अच्छी होने से कीमतों पर नियंत्रण बना रहता है। याद हो जब 2009 में मानसून गड़बड़ा गया था तो भारत को चीनी का आयात करना पड़ गया था। कृषि अर्थव्यवस्था मानसून पर टिकी होती है। देश के ज्यादातर राज्यों में अधिकांश किसान इतने गरीब हैं कि बैंकों और साहूकारों से कर्ज लेकर खेती करते हैं। ऐसे में अगर मानसून दगा दे जाए तो फसलें चौपट होने में देर नहीं लगती। किसान कर्ज के भारी बोझ तले दब जाते हैं। पिछले कई सालों में हजारों किसान सिर्फ इसीलिए मौत को गले लगा चुके हैं कि वे कर्ज नहीं चुका सकते थे।

योगी सिर्फ बुलडोजर शास्त्री नही ...चाणक्य से अर्थ शास्त्री भी हैं

सूडोकु नवताल- 6042

★✩✩✩✩ सरल

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -6041 का हल

8	2	4		9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

डॉ विश्वास चौहान

लगभग 2350 वर्ष पूर्व आचार्य कौटिल्य जिन्हें चाणक्य भी कहा जाता है ,उन्होंने गांधार जनपद के तक्षशिला नामक नगर में स्तिथ तक्षशिला विश्वविद्यालय जो विद्या के क्षेत्र में सर्वाधिक प्रसिद्ध एवं ज्ञान का मुख्य केंद्र था ,जहां संस्कृत के प्रथम व्याकरण आचार्य पाणिनि आचार्य थे वहीं कौटिल्य ने शिक्षा प्राप्त की और बाद में इसी विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य भी आरंभ किया 7

221 से 296 ई0 पू0 चाणक्य ने एक ग्रन्थ लिखा था जिसका नाम था ÷अर्थशास्त्र÷ जिसमे 15 अधिकरणों अथवा अध्यायों में

150 विषयों पर ,180 प्रकरणो को 6000 श्लोक में राज्यव्यवस्था, कृषि, न्याय एवं राजनीति आदि के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया है। अपने तरह का (राज्य-प्रबन्धन विषयक) यह प्राचीनतम ग्रन्थ है। इसकी शैली उपदेशात्मक और सलाहात्मक है।इसी ग्रन्थ को भारत के प्रत्येक राजवंश को पढ़ाया जाता था ।बताते हैं इसी ग्रन्थ पर अमल से भारत सोने की चिड़िया बन गया था । आज यूपी में भी एक सन्यासी मठ में बैठकर यूपी की अर्थव्यवस्था को ठीक कर रहा है ।

यह सब मैं इस आधार पर लिख रहा हूँ कि अभी श्रीलंका की वर्तमान स्तिथि के सम्बंध में भारत की स्तिथि की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी ।तो स्वाध्याय के अंतर्गत मैंने भी राज्यों की आर्थिक स्तिथियों का अध्ययन किया । इसी तारतम्य में जब मैं वर्ष 2020-21 के लिए पंजाब एवं राजस्थान का बजट (रिवाइज्ड या संशोधित) डॉक्यूमेंट देख रहा था। तो पता चला कि पंजाब में वर्ष 2020-21 के दौरान कुल राजस्व (सरकारी आय एवं उधारी) की प्राप्ति 1,42,219 करोड़ रुपये थी। इसमें से सरकारी प्राप्ति 72,052 करोड़ रुपये है। बाकी 70,167 करोड़ रुपये की प्राप्ति सरकारी उधारी से पूरी होती है।

सरकारी व्यय को लेते है। इस प्राप्ति में से वेतन में 26,363 करोड़ रुपये; पेंशन में 13,000 करोड़ रुपये; ब्याज चुकाने पर 18,589 करोड़ रुपये, एवं उधारी का मूल चुकाने पर 39,482 करोड़ घुस गए।

वेतन, पेंशन, मूल एवं ब्याज की देनदारी ही कुल मिलाकर 97,434 करोड़ रुपये है।

अर्थात, टैक्स, फीस, एवं पेनॉल्टी से सरकारी प्राप्ति 72,052 करोड़ रुपये है।

और सरकार चलाने का व्यय है 97,434 करोड़ रुपये।

जानकार लोग बतलायेंगे कि मुझे उधारी की प्राप्ति, एवं मूल एवं ब्याज की देनदारी को अलग रखना चाहिए, जो उचित भी है। लेकिन यह वित्तीय संकट को इंगित करता है। तब केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के वादे पूरे होते नही दिखते ।

यही स्थिति राजस्थान की भी है।

राजस्थान में वर्ष 2020-21 के दौरान कुल राजस्व (सरकारी आय एवं उधारी) की प्राप्ति 2,39,653 करोड़ रुपये थी। इसमें से सरकारी प्राप्ति 1,48,391 करोड़ रुपये है। बाकी 91,262 करोड़ रुपये की प्राप्ति सरकारी उधारी से पूरी होती है।

सरकारी व्यय को लेते है। इस प्राप्ति में से वेतन में 53,618 करोड़ रुपये; पेंशन में 22,989 करोड़ रुपये; ब्याज चुकाने पर 25,431 करोड़ रुपये, एवं उधारी का मूल चुकाने पर 41,063 करोड़ घुस गए।

वेतन, पेंशन, मूल एवं ब्याज की देनदारी ही कुल मिलाकर 1,43,101 करोड़ रुपये है।

अर्थात, टैक्स, फीस, एवं पेनॉल्टी से सरकारी प्राप्ति 1,48,391 करोड़ रुपये है।

और सरकार चलाने का व्यय है 1,43,101 करोड़ रुपये।

अब पता नहीं सरकार पुरानी पेंशन कहाँ से देगी? जिसे देने की उन्होंने घोषणा की है ।

अंत में, उत्तर प्रदेश से भी तुलना कर लेते है।

यूपी में वर्ष 2020-21 के दौरान कुल राजस्व (सरकारी आय एवं उधारी) की प्राप्ति 4,00,504 करोड़ रुपये थी। इसमें से सरकारी प्राप्ति 3,09,002 करोड़ रुपये है। बाकी 91,502 करोड़ रुपये की प्राप्ति सरकारी उधारी से पूरी होती है।

सरकारी व्यय को लेते है। इस प्राप्ति में से वेतन में 1,09,914 करोड़ रुपये; पेंशन में 52,464 करोड़ रुपये; ब्याज चुकाने पर 38,379 करोड़ रुपये, एवं उधारी का मूल चुकाने पर 24,897 करोड़ घुस गए।

वेतन, पेंशन, मूल एवं ब्याज की देनदारी ही कुल मिलाकर 2,25,654 करोड़ रुपये है।

तब अखंड भारतः अब आर्यावर्त्त

डॉ. वेदप्रताप वैदिक)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने एक ऐसा महत्वपूर्ण मुद्दा हरिद्वार के एक समारोह में उठा दिया है, आजकल कोई जिसका नाम भी नहीं लेता। न तो कोई राजनीतिक दल, न कोई सरकार और न ही कोई नेता 'अखंड भारत' की बात करता है। मोहनजी का कहना है कि अखंड भारत का यह स्वप्न अगले 15 साल में पूरा हो सकता है। ऐसा हो जाए तो क्या कहने? जो काम पिछले 75 साल में नहीं हुआ, वह सरकारों और नेताओं के भरोसे अगले 15 साल में कैसे हो सकता है? सबसे पहली बात तो यह है कि नेताओं को इस मुद्दे की समझ होनी चाहिए। दूसरी बात यह कि उनमें इसे ठोस रूप देने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए। मेरी विनम्र राय है कि यह काम सरकारों से कहीं बेहतर वे गैर-सरकारी संस्थाएं कर सकती हैं, जो सर्वसमावेशी हों। 1945-50 के दिनों में गुरू गोलवलकर ने अखंड भारत और डॉ. राममनोहर लोहिया ने भारत-पाक एका का नारा दिया था। उस समय के लिए ये दोनों नारे ठीक थे लेकिन आज के दिन इन दोनों नारों के क्षेत्र को बहुत फैलाने की जरुरत है। ये दोनों नारे उस समय के अंग्रेज के भारत के बारे में थे लेकिन 50-55 साल पहले जब 15-20 पड़ौसी देशों में मुझे जाने और रहने को मिला तो मुझे लगा कि हमें महर्षि दयानंद के सपनों का आर्यावर्त्त खड़ा करना चाहिए। इस आर्यावर्त्त की सीमाएं अराकान (म्यांमार) से खुरासान (ईरान) और त्रिविष्टुप (तिब्बत) से मालदीव तक होनी चाहिए। इनमें मध्य एशिया के पांच गणतंत्रों और मोरिशस को जोड़ लें तो यह 16 देशों का विशाल संगठन बन सकता है। बाद में इसमें थाईलैंड और संयुक्त अरब अमीरात को भी जोड़ा जा सकता है। यह दक्षेस (सार्क) के आठ देशों से दुगुना है। 16 देशों के इस संगठन का नाम जन-दक्षेस है। दक्षेस सरकारों का संगठन है। पिछले 7-8 साल से यह ठप्प पड़ा हुआ है। जन-दक्षेस इन 16 देशों की जनता और सरकारों को भी जोड़ेगा। इन देशों को मिलाकर मेरा सपना है कि इसे यूरोपीय संघ से भी अधिक मजबूत और संपन्न संगठन बनाया जाए। हमारे इन राष्ट्रों में यूरोप से कहीं अधिक धन-संपदा गड़ी पड़ी हुई है। क्या तेल, क्या गैस, क्या यूरेनियम, क्या सोना, क्या चांदी, क्या लोहा और क्या तांबा– सब कुछ हमारे इन देशों में इतना भरा हुआ पड़ा है कि अगले 5 साल में संपूर्ण दक्षिण और मध्य एशिया (आर्यावर्त्त) के लोग यूरोपीय लोगों से भी अधिक मालदार बन सकते हैं और करोड़ों लोगों को नए रोजगार मिल सकते हैं।

बागी आत्मसमर्पण की स्वर्ण जयंती समारोहः अहिंसक स्वावलम्बी अर्थव्यवस्था से बनेगा हिंसामुक्त भारतः अनिल भाई

स्वराज्य व स्वावलम्बन के लिए जरूरी है सादगीः खुमानी

जौरा। आदिवासी क्षेत्रों में स्वावलम्बन का कार्य चुनौतीपूर्ण रहा है। एकता परिषद के प्रयासों से भूमि अधिकार अभियान में वंचित समुदाय को भूमि के अधिकार से समाज अनाज के मामलों में स्वावलम्बी हुआ है। अहिंसक स्वावलम्बी अर्थव्यवस्था से ही भारत हिंसामुक्त होगा। उक्त उद्गार जौरा आश्रम में बागी आत्मसमर्पण समारोह के दूसरे दिन राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में एकता परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल भाई ने कही।

एकता परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल भाई श्योपुर के बुढेरा गांव से एक महिला की बातों का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले उनको दबंग जाति के लोग कीड़ा कहते थे अब उनको बुआ कहते हैं। यह बदलाव आदिवासियों को भूमि का अधिकार मिलने और खेती किसानी करने से आत्मनिर्भर होने पर आया है। उन्होंने कहा कि सांकरा और रूझीपुरा में मधुमक्खी पालने से महिला समूह से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर होकर नई इबारत लिख रही हैं, महात्मा गांधी के अर्थव्यवस्था का केन्द्र गांव और ग्रामीण रहे हैं। केरल से आये अनंत ने कहा कि वर्तमान अर्थव्यवस्था लालची एवं

हिंसक है। हिंसा पर आधारित अथवा उत्पादों के लाभ का वितियोग हिंसात्मक कार्यों में होने पर ऐसे उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए। सुधीर भाई ने कहा कि हिंसा के आर्थिक, मानसिक और शारीरिक स्वरूपों को समझने की आवश्यक्ता है। श्री खुमानी ने कहा कि व्यक्तिगत जीवन शैली, विचार और व्यवहार में सादगी से समाज में अहिंसक तरीके से स्वावलम्बन पर कार्य किया जा सकता है। तमिलनाडु में जैविक खेती पर काम कर रहे श्रीधर लक्ष्मण ने कहा कि जैविक उत्पादों के बाजारीकरण के लिए कृषि उत्पादों को बाजार से जोडने की जरूरत है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती गठबंधन से आयी सुश्री रिया ने कहा कि अर्थव्यवस्था में हिंसा और न्याय के तत्वों पर ध्यान देने की आवश्यक्ता है। देश भर में बीज स्वावलम्बन के लिए कार्य हो रहा है। सम्मेलन के दूसरे सत्र की चर्चा शिक्षा पर केन्द्रित रही। इलाहाबाद के प्रोफेसर प्रदीप शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वराज्य, स्वावलम्बन को पोषित करने के लिए पिक्षा नीति और कार्य होने चाहिए जिससे कि गांधी विचारों पर आधारित देश का निर्माण किया जा सके इसमें नवजवानों की महती भूमिका है। सत्र का संचालन जय जगत की अंतराष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती जिलकार हैरिस व एकता परिषद के महासचिव रमेश शर्मा ने किया। सम्मेलन को बिहार के प्रदीप प्रियदर्शी, उडीसा की विष्णु बहन, मालवा से श्रद्धा बहन और चम्बल के जयसिंह ने सम्बोधित किया। सम्मेलन में बिहार से आये साइकलिंग के अंतराष्ट्रीय खिलाडी केशव पाण्डेय ने कहा कि देश के नवजवानों को राष्ट्रहित से जुडे बडे लक्ष्यों को सामने रखकर अनुशासित तरीके दृढ संकल्पित होकर आगे बढना चाहिए। देश को आगे ले जाने की जवाबदेही नवजवानों को है। सम्मेलन में उत्तरप्रदेश से आये युवा सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि जौरा सभी के लिए पवित्र भूमि है जहां के कण-कण में भाई जी दर्शन होता है। शांति की प्राप्ति युवाओं का भावनात्मक और क्रियात्मक लक्ष्य होना चाहिए तभी उनकी ऊर्जा, गतिशीलता और उत्साह राष्ट्रीय हित में समर्पित होगी। राष्ट्रीय युवा सम्मेलन की व्यवस्था की देख-रेख कर रहे प्रफुल्ल भाई ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मुरैना। पोरसा में एक अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे परिजनों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार हरपाल सिंह पुत्र देवी सिंह तोमर निवासी सांगोली थाना सिहोंनिया बाइक लेकर अपनी पत्नी के साथ अम्बाह में आंगनबाड़ी का फॉर्म लेने के लिए गए हुए थे, तभी पत्नी को रास्ते मे छोडकर पोरसा की तरफ किसी काम से निकल गए। पोरसा बाजार में किसी अज्ञात वाहन ने हरपाल सिंह को टक्कर मार दी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा, तभी काफी देर बाद आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर अवस्था में उपचार के लिए उसे मुरैना जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टर ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी गई।

करंट लगने से बालक की मौत

मुरैना। देवगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह घर में बिजली का करंट लगने से एक बालक की मौत हो गई, जिसका पीएम करा कर पुलिस ने लाश परिजनों को सौंप दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोलू मल्लाह 13 वर्ष निवासी देवगढ़ को घर में अचानक बिजली का करंट लग गया और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजन उसे मरणासन्न अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एवं जलाभिषेक अभियान के संबंध में बैठक 18 को

मुरैना। कलेक्टर बी कार्तिकेयन की अध्यक्षता में शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एवं जलअभिषेक अभियान के संबंध में बैठक 18 अप्रैल को अपरान्ह 2.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की गयी है, जिसमें आयुक्त नगरनिगम, समस्त एस.डी.एम, पी.ओ.डूडा, समस्त सी.एम.ओ नगरपालिका, समस्त इंजीनियर नगरपालिका/नगरनिगम उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने नागरिकों से प्रिकॉशन डोज लगवाने की अपील की

मुरैना। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने मुरैना जिले के 18 से 59 उम्र के नागरिकों से प्रिकॉशन डोज लगवाने का आह्वान किया है। लाभार्थियों को टीकाकरण की सुविधा ऑनलइन अथवा ऑनसाइट दी जाएगी।

गर्मी के मौसम में बिजली का बिल घटाने के तरीके

मुरैना। गर्मी का मौसम आते ही जैसे-जैसे पारा चढता है,वैसे-वैसे आपका बिजली का बिल ना बढे,इसके लिए मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कुछ कारगर तरीके सुझाये है। उपभोक्ता अपने घर में बिजली की वही वायर और फिटिंग्स इस्तेमाल करें, जिन पर आई.एस.आई. का मार्क है। वायरिंग पुरानी, खराब होने से भी बिजली ज्यादा खर्च होती है और घर में आग लगने का खतरा हो सकता है। बिजली की मरम्मत का काम लइसेंसधारी ठेकेदार, इलेक्ट्रिशियन से ही करायें। सर्टिफिकेट, लाइसेंस देखने की मांग करें। घर में हर जगह ऊर्जा दक्ष एल्ईडी लाईट का ही इस्तेमाल करें।

ए.सी. इस्तेमाल करने वालों के लिए

ए.सी. के टेम्प्रेचर को 24 से 26 डिग्री के बीच सेट करें। इससे नीचे टेम्प्रेचर करने पर ए.सी. के कंप्रेशर को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ए.सी. ज्यादा देर तक चलता है, इसलिए बिजली भी ज्यादा खर्च होती है और आपका बिल ज्यादा आता है। ए.सी. के साथ-साथ कमरे में पंखा भी चलाएं। ए.सी. के एयर

फिल्टर को हर 10515 दिनों में अच्छी तरह धोकर साफ करें। फिल्टर में धूल जमने में आपको पूरी ठंडक नहीं मिलती और आपको ए.सी. ज्यादा देर तक चलना पडता है। ए.सी. वाले कमरों के खिडकी-दरवाजे ए.सी.चलने के दौरान मजबूती से बंद रखें। यदि दरवाजे-खिडकियों में झिरियां हों तो उन्हें थर्मोकोल आदि का इस्तेमाल कर सील कर दें।

कूलर इस्तेमाल करने वालों के लिए

कूलर से पूरी ठंडक पाने के लिए जरूरी है कि कूलर जितनी हवा फेंक रहा है उतनी हवा कमरे से बाहर निकलने का भी पूरा इंतजाम हो। कूलर के पैड यदि खराब हो गये हैं तो उन्हें बदलवा लें। कूलर के पंखे और पंप की आइलिंग ग्रीसिंग करा लें। कूलर के पंखे के कंडेंसर की जांच जरूर करायें। कूलर के रेगुलेटर की भी जांच करायें। इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर से बिजली कम खर्च होती है।

पंखे इस्तेमाल करने वालों के लिए

घर के सभी पंखों की सर्विसिंग करा लें। खराब कंडेंसर, बाल बेयरिंग इत्यादि को तुरंत बदलवा लें। पंखे में इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर का इस्तेमाल करें।

रेफ्रिजरेटर इस्तेमाल करने वालों के लिए

रेफ्रिजरेटर में कोई खराबी न भी दिखायी दे रही हो तो गर्मी का मौसम ठीक से शुरू होने के पहले रेफ्रिजरेटर की जांच करा लें। रेफ्रिजरेटर का दरवाजा बार-बार ना खोलें।

प्रेक्षक ने जौरा, कैलारस एवं सबलगढ़ में पहुंचकर नगरीय निकायों एवं पंचायतों की मतदाता सूची का अवलोकन किया



मुरैना। राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक अरूण तोमर ने जौरा, कैलारस एवं सबलगढ़ में पहुंचकर नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का अवलोकन किया। जिसमें आवश्यक त्रुटियों को सुधारने के लिये अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिये। इस अवसर पर संबंधित लायजनिंग ऑफीसर अशोक शर्मा, एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा संबंधित तहसीलदार उपस्थित थे। प्रेक्षक श्री तोमर ने बताया कि अब मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 10 मई 2022 को होगा। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल 2022 तक प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 16 अप्रैल तक किया जायेगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का निहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 10 मई को किया जायेगा। पूर्व में मतदाता सूची का प्रकाशन 25 अप्रैल 2022 को किया जाना था। जिसे बढ़ाकर अब 10 मई को प्रकाशन की तिथि तय कर दी गई है।



नेशनल लोक अदालत 14 मई को: बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण के होंगे समझौते

मुरैना। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 मई (शनिवार) को कोविड-19 की गाईडलाईन का पालन करते हुए एवं स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए लगायी जाने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता शर्तों का मसौदा जारी कर दिया गया है। कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत लंबित प्रकरण एवं ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके है,ऐसे प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा धारा 126 के अंतर्गत बनाये गये, ऐसे प्रकरण जिनमें उपभोक्ताओं द्वारा अपीलीय कमेटी के समक्ष आपत्ति, अपील प्रस्तुत नहीं की गई है, की प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी। विद्युत चोरी, अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत, अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता, उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुडी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। यह छूट मात्र नेशनल ''लोक अदालत''14 मई को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

प्रिलिटिगेशन स्तर पर: कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

लोगों की शिकायत पर रास्ते का अतिक्रमण हटाया

अलापुर बीट समाधान केन्द्र पर लोगों ने दर्ज कराई थी अतिक्रमण की शिकायत

मुरैना। अलापुर क्षेत्र के लोगों की शिकायत पर रास्ते का अतिक्रमण हटा दिया है। यह मामल जौरा तहसील के अलापुर बीट समाधान केन्द्र का है। इस बीट पर 12 अप्रैल मंगलवार को अलापुर के कुछ ग्रामीणों ने अलापुर बीट समाधान केन्द्र पर उपस्थित एसडीएम विनोद सिंह से शिकायत की, कि उनके गांव अलापुर मे मोनू गुर्जर पुत्र जगमोहन गुर्जर निवासी चंदपुरा हाल निवासी अलापुर ने बीच रास्ते में शौचालय का निर्माण करके रास्ता अवरूद्ध कर दिया है। बीट समाधान केन्द्र पर मामल संज्ञान में आने पर एसडीएम विनोद सिंह ने तत्काल मौके पर राजस्व निरीक्षक राकेश कुलश्रेष्ठ, पटवारी गंभीर सिंह तोमर पटवारी मानवेन्द्र सिकरवार को

मौके पर भेजकर मोनू गुर्जर को समझाइश दी। राजस्व अमल ने कहा कि स्वेच्छा से अतिक्रमण को हटा लें, अन्यथा बुल्डोजर बुलाकर अतिक्रमण हटाने पर अन्य क्षेत्र को भी नुकसान होगा। मोनू गुर्जर को यह बात समझ में आ गई और उसने रास्ते का अतिक्रमण से हटा लिया। अतिक्रमण मुक्त होने से ग्रामीणों को खुशी हुई कि मात्र एक बार शिकायत पर समस्या का हल हो गया। कई बार तहसीलें में आवदेन देने पर भी समस्या का हल नहीं हो पाता है। बीट समाधान केन्द्रों की स्थापना से आमजनों को लभ होने लगा है। उनकी समस्याओं का निराकरण अब उन्हीं के बीट पर हो रहा है। लोगों को अपनी समस्या को लेकर अब तहसील अथवा कलेक्ट्रेट मुरैना नहीं जाना पडता। अन्य गंभीर एवं राजस्व संबंधी मामलें का भी निराकरण इन्हीं केन्द्रों से हो रहा है।

सावधानी नहीं बरती तो बढ़ेंगे मरीज कोरोना का नया वैरिएंट भी ओमिक्रोन की तरह तीव्र संक्रामक

भोपाल। देश में कोरोना के नए वैरिएंट एक्सई की दस्तक के साथ ही कुछ राज्यों में मरीजों की संख्या और संक्रमण दर बढ़ी है। मध्य प्रदेश में भी मरीजों की संख्या बढ़ सकती है। इसकी वजह यह कि आने-जाने से लेकर भीड़ वाले आयोजनों में भी कोई रोक अब नहीं है। मरीज कम होने के साथ ही लोगों ने खूब लापरवाही भी शुरू कर दी है। ऐसे में विशेषज्ञों ने चेताया है कि सतर्क और सावधान रहने की बहुत जरूरत है। एम्स भोपाल के पूर्व निदेशक व आइसर के प्रोफेसर (वायरोलाजिस्ट) डा. सरमन सिंह ने कहा कि अभी तक यही समझ में आ रहा है कि ओमिक्रोन का एक्सई वैरिएंट संक्रामक ज्यादा और घातक कम होगा। जिन लोगों ने कोरोनारोधी टीका लगवाया है, उनमें लगभग 60 प्रतिशत का ओमिक्रोन की तरह बचाव हो जाएगा। ऐसे में जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है, वह देरी न करें।

12 से 14 साल के 61 प्रतिशत किशोरों को ही लगा टीका: कोरोना मरीजों की संख्या कम होने के बाद प्रदेश में कोरोनारोधी टीका लगाने की गति कम हो गई है। 12 से 14 साल तक के 30 लाख बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था, इनमें अभी 18 लाख 44 हजार यानी 61 प्रतिशत बच्चों ने ही टीका लगवाया है। भोपाल समेत आठ जिलों में लक्ष्य के मुकाबले 50 प्रतिशत बच्चों को भी टीका नहीं लग पाया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कम टीकाकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार बता रहे हैं।

अप्रैल के बाद ही स्थिति साफ होगी: जीएमसी भोपाल के छाती व श्वास रोग विभाग के प्रमुख और राज्य सरकार कोविड-19 सलाहकार डा. लोकेंद्र दवे ने कहा कि पहली, दूसरी और तीसरी लहर में मरीज मार्च और अप्रैल में ही बढ़े थे। यह राहत की बात है कि आधा अप्रैल निकल चुका है। नए वैरिएंट से संक्रमण फैलने का खतरा तो है, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधान रहना जरूरी है।

बुजुर्गों को विशेष सावधानी रखने की जरूरत: भोपाल के छाती व श्वास रोग विशेषज्ञ डा. पीएन अग्रवाल ने कहा कि पर्यटन गतिविधियां शुरू हो गई हैं। भीड़ वाले आयोजन हो रहे हैं। अभी विवाह के मुहूर्त भी हैं। ऐसे में संक्रमण बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। घर में लोगों की भी जिम्मेदारी है कि बाहर से आने पर अच्छे से हाथ धोए बिना बुजुर्गों को नहीं छूना चाहिए।

भामाशाओं ने किया महेंद्र मनोत का बहुमान

पुष्पांजली टुडे

बेंगलूरु–युवा संगठन बेंगलुरु द्वारा मराठा हॉस्टल में आयोजित भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन प्रसंग पर जैन युवा संगठन सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित जीवन शिक्षा जीवन संजीवनी एवं जीवन रक्षा सेवा योजनाओं के लिए सहयोग हेतु भामाशाह ने महेंद्र मुणोत सम्मान से सम्मानित किया।महेंद्र मुणोत ने बताया की वर्तमान में जितने भी जैनी है उनकी सर्व प्रथम पहचान भगवान महावीर से ही है ।जिनका जीवन ही हमे जीवन जीने की कला सिखाता है ।मोक्ष सोपान मार्ग बताता है समता सहजता दयालुता के धारक थे प्रभु महावीर भगवान। और उन्होने सभी सेवा ट्रस्ट की टीम को धन्यवाद.दिया।

पानी की समस्या को लेकर पूर्व मंडी अध्यक्ष ने किया कलेक्टर से वार्तालाप

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

मौ। पूर्व मंडी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव जी ने मौ नगर में पानी की समस्या को लेकर भिंड कलेक्टर सतीश कुमार जी से मोबाइल द्वारा वार्तालाप की कलेक्टर साहब ने एसडीएम साहब को मौ में तत्काल प्रभाव से भेजा एसडीएम शिवम शर्मा जी तहसीलदार रवीश भदोरिया जी मौ सीएमओ से पानी की समस्या हेतु मीटिंग हुई प्राइवेट बोर से पानी लिया जाएगा एवं सिंध नदी से जो पानी सप्लाई है उसको दुरस्त किया जाएगा इस मीटिंग में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए एसडीएम साहब से पानी सप्लाई हेतु समस्या को रखा गोहद एसडीएम साहब ने पानी की समस्या से जल्द से जल्द निजात दिलाई जाएगी ऐसा वादा किया।

108 टन वजनी मूर्ति पर नजर आती है सात रंगों में हनुमान चालीसा

इंदौर। अहिल्या की नगरी हनुमान मंदिर खास है। हर मंदिर की प्रसिद्धि की अपनी वजह है। शहर की सीमा पर विराजे पितरेश्वर हनुमान अपने वृहद आकार के कारण तो रणजीत हनुमान हर कार्य में सफलता का आशीर्वाद देने के लिए प्रसिद्ध हैं। इसके साथ ही वीर आलीजा हनुमान मंदिर में भगवान का नित नवीन स्वरूप में श्रृंगारकर भांग का भोग लगाया जाता है।

पितृ दोष से मुक्त करते पितृ पर्वत पर विराजित पितरेश्वर हनुमान: शहर के सीमा पर पितृ पर्वत पर विराजित पितरेश्वर हनुमान की 108 टन वजनी मूर्ति पवन पुत्र के भक्तों के बीच आस्था का केंद्र है।72 फीट उंची मूर्ति दूर से ही नजर आ जाती है।इस मूर्ति का निर्माण ग्वालियर के 125 कारीगरों ने 7 साल में किया था।हनुमानजी के चारों ओर 5 हाइमास्ट लगे हुए हैं। इससे रात में भी दिन जैसा दूधिया उजाला रहता है।मान्यता है कि पितरेश्वर हनुमान के पूजन से पितृदोष से मुक्ति मिलती है।यहां पर लाइट एंड साउंड शो का आयोजन भी विशेष दिनों में होता है।इसके लिए जर्मन से विशेष दो करोड़ की लेजर लाइट मंगवाई गई थी। पितरेश्वर धाम के व्यवस्थापक महेश दलोत्रे बताते हैं कि लेजर लाइट के जरिए हनुमानजी के प्रतिमा के सीने पर 7 रंगों में हनुमान चालीसा का चित्रमय वर्णन दिखाई देता है।

एक साथ दोहरी डिग्री या डिप्लोमा के लिए विश्वविद्यालय बनाएगा नियम

इंदौर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब विद्यार्थी एक समय में दोहरी डिग्री हासिल कर सकेंगे। शैक्षणिक कार्यक्रमों में डिग्री, डिप्लोमा और सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम शामिल होंगे। जहां एक पाठ्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नियमित प्रवेश लेना होगा, जिसमें वह कक्षाओं में उपस्थित होकर पढ़ाई कर सकते है। जबकि दूसरा पाठ्यक्रम उन्हें आनलाइन व दूरस्थ शिक्षा संस्थानों से करने की छूट होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देशभर के विश्वविद्यालय और दूरस्थ शिक्षा संस्थानों को निर्देश जारी कर दिए हैं। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने इसे लेकर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। हालांकि दोहरी डिग्री पाठ्यक्रम के संबंध में नियम बनाने की बात कही है। नैक ए प्लास ग्रेड प्राप्त देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में दूरस्थ शिक्षा संस्थान है। इसमें अभी मात्र एमबीए, ऊर्जा प्रबंधन में पाठ्यक्रम संचालित होते हैं जबकि प्रबंधन से जुड़े कई क्षेत्रों में डिप्लोमा और बीए, बीकाम और एमए जैसे पाठ्यक्रम को दूरस्थ शिक्षा में शुरू करने के लिए दो साल पहले मंजूरी मिल चुकी है।

बसारा वाली कालका माता पर हुआ विशाल दंगल

पुष्पांजली टुडे

गोहद–बसारा स्थित कालका माता के मंदिर पर मेले एवं दंगल का आयोजन कमेटी एवं राजा भैय्या गुर्जर द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं दंदरौआ सरकार राम भूषण दास जी महाराज उपस्थित रहे साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर नरेंद्र सिंह कुशवाह पूर्व विधायक भिंड मौजूद रहे जहां दोपहर से ही कुश्तियां चालू हो गई जिनमें महिला पहलवानों में खुशी परिहार मथुरा की पहलवान आई जिनके लिए कमेटी द्वारा कोई भी महिला पुरुष पहलवान से कुश्ती लडाने के लिए का पुरस्कार रखा लेकिन कोई पहलवान नहीं निकला इसलिए उनको बेठे की कुश्ती का इनाम दिया गया वही अंतिम कुश्ती अंकुर पहलवान और भीम पहलवान के साथ हुई जिसमें की हुई कुश्ती में भीम पहलवान ने अंकुर पहलवान को हराया वहीं दूसरी कुश्ती धीरज पहलवान दिल्ली और संजय पहलवान के साथ हुई जोकि बराबर पर छुड़वा दी गई दंगल

में अंबाह पोरसा भिंड मेहगांव ग्वालियर लहर पोरसा दिल्ली हरियाणा पंजाब राजस्थान मथुरा आज कई जगह से अन्य राज्यों से पहलवान आए यही अब कल पहलवानों का दमखम छेंकुर वाले हनुमान मंदिर पर भी दिखाया जाएगा दंगल में रैफरी के रूप में अतरसिंह यादव, वासुदेव शुक्ला,नवल सिंह, राजेन्द्र भाटी, देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे

प्रभार के बाद थाना प्रभारी देवेंद्र नगर की बड़ी सफलता, 6 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो

पन्ना । नवागत थाना प्रभारी जयहिंद शर्मा ने अपनी कार्यकुशलता का उदहारण पेश करते हुए 6 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, पुलिस अधीक्षक पन्ना धर्मराज मीना द्वारा स्थाई वाँटियो की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया है जिसमे एस डी ओ पी बहादुर सिंह बरीबा के निर्देशन में देवेंद्र नगर पुलिस ने धारा 279,337,338, 304पु भादवि 184 मो. व्ही. एक्ट शासन विरुद्ध करन सिंह बगैरा में प्राप्त स्थाई वारंट को साइबर सेल पन्ना के सहयोग से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस धरपकड़ में उप निरीक्षक शक्ति पांडे, प्र आर शैलेंद्र बहादुर सिंह,आदित्य कुशवाहा,सत्यवीर सिंह मेहरबान सिंह,दिलीप शर्मा,धर्मेंद्र द्विवेदी साइबर सेल से प्र आर नीरज रैकवार ,आशीष अवस्थी का प्रयास सराहनीय और सफल रहा।

ढाबे में लगी आग बाइक सहित लाखों रुपए का माल जलकर खाक

अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजलि टुडे

करेरा– खबर करेरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली टीला से है जहां पर पटेल ढाबा में अचानक आग लग गई और उसमें रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया आग लगने की वजह गैस सिलेंडर लीक होने की बजाए बताया जा रहा है ढाबे में रखा हुआ सारा सामान किचन का सामान गैस सिलेंडर टेबल कुर्सी बैटरी इनवर्टर खाने का राशन और नगदी रुपए और मोटरसाइकिल आदि भी बहुत सारा सामान जलकर खाक हो गया जब ढाबे के मालिक अंकित लोधी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह आग अचानक लगी और मैं कुछ कर पाता इतनी मैं तो आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और मेरा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया

आगजनी की घटना से हुआ भारी नुकसान, देवेंद्र नगर बस्ती में लगभग 35 एकड़ की फसल स्वाहा

पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर

गर्मियां शुरू होते ही आगजनी की घटनाएं लगभग क्षेत्र के हर जगह से सुनने में आ रही हैं अभी बीते कुछ दिनों पहले ककरहटी क्षेत्र में आगजनी से लगभग 100 एकड़ की फसल तबाह हो चुकी थी वहीं आज देवेंद्र नगर में श्मशान घाट के पीछे बस्ती रोड के पास अचानक लगी आग से लगभग 30 एकड़ में लगी फसल जलकर स्वाहा हो गई जिसमें कन्छेदी कुशवाहा, किशन कुशवाहा ,रतन कुशवाहा ,भूरा चौधरी के खेतों में आग लगना बताया जा रहा है आनन-फानन में मौके पर दमकल की 2 गाड़ियां पहुंची राजस्व अमले से मौके पर पटवारी उपस्थित रहे। एक अनुमान के मुताबिक 10 लाख से ऊपर की फसल का नुकसान हुआ है जिन किसानों की फसलों का नुकसान हुआ है उनके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और मैंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल और धर्मप्रेमी बंधुओ ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे

पन्ना । हनुमान जन्मोत्सव पर 1 दिन पूर्व देवेंद्र नगर बजरंग दल प्रकोष्ठ एवं सैकड़ों धर्म प्रेमी बंधुओं द्वारा देवेंद्र नगर में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई । शोभा यात्रा श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर पन्ना रोड सतना रोड सलेहा रोड होते हुए नगर पंचायत के बगल से बस्ती रोड में नवनिर्मित हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा के दौरान जगह जगह स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत सत्कार की व्यवस्था की गई। नगर पंचायत के बगल से नवनिर्मित हनुमान मंदिर में संगमरमर से निर्मित हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कल 15 तारीख हनुमान जन्मोत्सव पर बड़े धूमधाम से किया जाना प्रस्तावित है जिसमें आयोजक समिति द्वारा आप पर भंडारे का कार्यक्रम रखा गया है और सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को सादर आमंत्रित किया गया है

खरगोन का असर देवास में, स्पेशल पुलिस फोर्स-ब्लैक कमांडो तैनात, ड्रोन से निगरानी

देवास। खरगोन में फैले सांप्रदायिक तनाव का असर देवास जिले में दिखाई दे रहा है. यहां प्रशासन अलर्ट पर है. आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में आम पुलिस के साथ-साथ स्पेशल पुलिस फोर्स बुलाया गया है. उसने फ्लैग मार्च भी निकाला. इस दौरान सीएसपी विवेक सिंह चौहान, डीएसपी किरण शर्मा, ब्लैक कमांडो, क्यूआरएफ, जिले की पांचों थानों का पुलिस बल और महिला फोर्स मौजूद था. जिले के संवेदनशील इलाकों की निगरानी ड्रोन से भी की जाएगी। देवास जिले में आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन किसी तरह का कोई तनाव नहीं चाहता इसलिए यहां संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया जा रहा है. बता दें, खरगोन में हुए उपद्रव के बाद देवास में 2 दिन से लगातार फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है. गुरुवार शाम को भी भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया. यह फ्लैग मार्च मल्हार स्मृति मंदिर से होते हुए शहर के कई इलाकों से गुजरा।

इन इलाकों पर फोकस: गौरतलब है कि देवास में भी कई संवेदनशील क्षेत्र ऐसे हैं जहां पुलिस को निगरानी रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करना पड़ रहा है. बता दें कि मोहसिन पूरा, नयापुरा

जैसे संदिग्ध व चिन्हित इलाकों में पुलिस को कैमरे की नजर निगरानी करनी पड़ रही है।

सुरक्षा कड़ी की जा रही:सीएसपी: सीएसपी विवेक सिंह चौहान ने बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में सुरक्षा कड़ी की जा रही है. हम फ्लैग मार्च निकाल रहे हैं. इसमें ब्लैक कमांडो, क्यूआरएफ, पांचों थानों की पुलिस दल-बल मौजूद हैं. महिला पुलिस बल भी इसमें शामिल किया गया है. साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है।

विकलांग बल राज्य सचिव सौरभ बघेल ने सहकारिता मंत्री को दिया चार सूत्री ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । राज्य सचिव बघेल ने कहा कि मध्यप्रदेश मै विकलांगजनों के हित मै शासन के द्वारा गिनी चुनी घोषणाएं करके कार्य नहीं किया जाता है अतः हम विकलांग जनों को अपनी मांग रखने का अधिकार होना चाहिए ।

(1) मध्य प्रदेश राज्य में विकलांग जन की मासिक पेंशन ?500 से बढ़ाकर 3000 की जाए

(2) मध्य प्रदेश राज्य के सभी 52 जिलों में विशेष निशक्तजन भर्ती कराई जाए

(3) मध्य प्रदेश राज्य के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकलांग खिलाड़ियों को सामान खिलाड़ियों की तरह मूलभूत सुविधाएं एवं रोजगार दिया जाए*

(4) मध्य प्रदेश के विकलांग जनों को चुनाव में 5व आरक्षण दिया जाए हमारी मांगे अति सामान्य है जिससे विकलांगों को जीवन के लिए मूल सहयोग मिल सकता है अतः इस पर श्रीमान गंभीरता से विचार करें।

डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूम-धाम से मनाई गई

पुष्पांजली टुडे

पिछोर, भारत की संविधान रचियता डॉ, भीमराव अंबेडकर की 131 वी जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जिसमें समस्त महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती त्रिपाठी एवं समस्त क्षेत्र के लोग डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती में सम्मिलित हुए एवं संविधान रचियता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया आज पिछोर नगर में जिसमें पिछोर क्षेत्र की जनता ने संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद किया पिछोर बस स्टैंड पर भीमराव अंबेडकर की जयंती में समस्त क्षेत्र बासी मुख्य रुप से उपस्थित रहे और संविधान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई लोगों के लिए।

ज्ञान के प्रकाश तथा सर्वजन हिताय की कामना से भारत की पावन भूमि धन हुई ऐसी महान विभूति पर हमें गर्व है श्री ठाकुर

भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 131 वी जयंती पर सेवड़ा नगर में चल समारोह निकाला गया जिसमें मुख्य रुप से वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर उपस्थित रहे और पुष्प वर्षा कर चल समारोह की एवं भंते महाराज जी का माल्यार्पण कर स्वागत से सम्मान किया इस अवसर पर श्यामू ठाकुर ने कहा कि भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने जो ज्ञान के प्रकाश तथा सर्वजन हिताय की कामना से भारत की पावन भूमि धन हुई है ऐसी महान विभूति पर हमें गर्व है आइए इस अवसर पर हम उनके आदर्श सिद्धांत एवं विचारों को अपनाने का संकल्प लें तथा आपसी सद्भाव शांति व एकजुटता के साथ राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देने का प्रण करें इस अवसर पर राहुल चौरसिया जॉनी मूर्तिकार मातादीन जाटव किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रमाकांत शर्मा राम सिया जाटव सुनील गुप्ता शहीद खान नासिर पठान आर्यन सविता रघुवीर प्रजापति ऊमर काजी नेतराम गॉड सभी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं समस्त चल समारोह में चल रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की वही इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर नगरिया विनोद गुप्ता नरेंद्र चौहान शहीद खान अमित जाटव राज पटवा सहित नगर के कई वरिष्ठ नागरिक एवं जन समुदाय उपस्थित रहा।

सेवड़ा नगर में भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निकाला गया चल समारोह

डॉक्टर अंबेडकर सामाजिक समरसता के जनक थे चौधरी: संतोष सिंह भदोरिया

दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़

गोरमी। भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की 131 वी जयंती पर भाजपा मंडल गोरमी के 64 बूथ केंद्रों पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई गोरमी नगर केंद्र पर मुख्य आयोजन नगर के वार्ड नंबर 9 स्थित अंबेडकर पार्क पर किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मुकेश चौधरी जी उपस्थित थे विशेष अतिथि के रुप में विधायक प्रतिनिधि डॉ भारत सिंह भदौरिया पूर्व जिला महामंत्री सुरेन्द्र जैन महंत गोपीनाथ जी उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया इसके बाद मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने स्वागत भाषण देते हुए कहा के भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सिंह जी की सरकार द्वारा बाबा साहब के सम्मान में उल्लेखनीय कार्य किया गया चाहे वो राष्ट्रीय स्तर पर हो या प्रदेश स्तर पर आज भाजपा कार्यकर्ता बूथ केंद्र से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक बाबा साहब की जयंती को बड़े

धूमधाम से मना रहे हैं यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी ने बाबा साहब नमन करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने गांव गरीब किसान दलित के हितों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की है जिससे आमजन एवं एवं गरीब का जीवन स्तर ऊपर उठा है चौधरी ने बाबा साहब को सामाजिक समरसता का जनक बताया वह समरसता के एक योद्धा थे सामाजिक न्याय के प्रणेता थे वह हमेशा कहा करते थे कि हमें अपने पैरों पर खड़े होना हैं या हमें अपने अधिकारो के लिए लड़ना है तो अपनी ताकत और बल को पहचानो शक्ति और प्रतिष्ठा संघर्ष से ही मिलती है यह बाबा साहब का मूल मंत्र था अगर बाबा साहब की सबसे अधिक किसी पार्टी ने चिंता की है तो वह भारतीय जनता पार्टी है हमने दिल्ली में बाबा साहब का राष्ट्रीय स्मारक मध्य प्रदेश के मऊ में उनकी जन्मस्थली पर एक विशाल स्मारक एवं विदेश में जहां पर बाबा साहब की पढ़ाई लिखाई हुई वहां भी एक उनकी याद में स्मारक बनाया है। हमारी सरकार बाबा साहब की जयंती पर प्रतिवर्ष बड़े-बड़े आयोजन करती है बैठक का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य ने किया एवं अंत में आभार प्रगट राम लखन सखवार ने किया बैठक में मुख्य रूप से युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमकार यादव उर्फ सिंह गुर्जर दिनेश यादव शिवराज यादव संतोष भदौरिया ऋषिकेश शर्मा राजेश जाटव अरविंद ठाकुर धीरज यादव विजय कुशवाहा रविंद्र यादव आशीष भदोरिया विधि राम कटारे देवेंद्र कौशल रामनिवास जाटव भानु यादव आर्दमन बरुआ राहुल थोकदार सामन्त यादव रामप्रीत मिर्धा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

अंबाह में धांधली व तानाशाही पशुहाट में कर रहे अवैध वसूली नगर पालिका कर्मचारी , वहीं पशु हाट कट्टी का ठेका अभी तक नही हुआ

गणेश शंकर राजोरिया
पुष्पांजली टुडे

अंबाह। अंबाह में लोगों द्वारा बताया गया कि अंबाह नगर पालिका के अधिकार में पशुहाट कट्टी का ठेका प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल से इकतीस मार्च तक रहता है जिसमें नगदी पहले से ही जमा करा ली जाती है इसके बाद ठेकेदार को अर्थारिटी दे दी जाती है इस वर्ष पशुहाट कट्टी का ठेका अभी तक नही हुआ है इस टेंडर की अंतिम तारीख आठ अप्रैल थी फिर भी टेंडर खोला नही गया इस प्रकार से इस टेंडर में दो सप्ताह का विलंब हो चुका है फिर भी अंबाह नगर पालिका की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है नगर पालिका कर्मचारियों से जब इस विषय में पूछा गया तो कोई जवाब नही देते है जब उपरोक्त विषय के बारे में ठेकेदारों ने पूछा तो अंबाह नगर पालिका सीएमओ ने जवाब न देकर कहने लगे की इससे मुझे कुछ लेना देना नही समय मिलता है तो देखेंगे कहने का तात्पर्य यह है कि अगर सी एम ओ जी को समय नहीं मिला तो सी एम ओ जी इस समस्या को देख नही पाएंगे क्या इस प्रकार के अफसरों के जवाब की तानाशाही से क्या अंबाह नगर पालिका के लोग कब तक छुटकारा पा पाएंगे क्या ठेकेदारों द्वारा जो राशी दी जाती है उस राशि की चूंकि दो सप्ताह हो चुके है की देनदारी व घाटे की जवाबदेही किसकी होगी अंबाह नगर पालिका सी एम ओ की या फिर ठेकेदारों की

मगरोनी में आयोजित हुआ आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान

एवं बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 131 वी जयंती मनाई गई , इस अवसर पर मगरोनी में लगभग 300 लोगो ने ली सदस्यता

अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-खबर शिवपुरी की तहसील नरवर के कस्बे मगरोनी, जैन धर्मशाला में पुरानी मंडी के पास आम आदमी पार्टी का सदस्यता महा अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ और डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 131वीं जयंती भी मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह रावत जिला अध्यक्ष शिवपुरी एवं राजेंद्र धाकड़ जिला सचिव शिवपुरी , दीपक कुशवाह जिला सहायक सचिव, रूद्र प्रताप जिला उपाध्यक्ष शिवपुरी मौजूद रहे, नरेंद्र सोनी के नेतृत्व एवं देवेंद्र सोनी के नेतृत्व में कल्लू राम कुशवाहा के सहयोग से आम आदमी पार्टी का सदस्यता महा अभियान के चलते मगरोनी के 300 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए उक्त मौके पर वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश की तीसरी मुख्य पार्टी होगी तथा आने वाले वर्ष 2023 विधानसभा चुनाव में समस्त सीटों पर चुनाव लड़कर आम आदमी पार्टी सत्ता में आएगी* अतः सभी कार्यकर्ता गण आम आदमी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए तन मन धन से कार्य करें !!

महावीर हनुमान जयंती के अवसर वाकडे हनुमान मंदिर पर यातायात पुलिस ने की वाहन निकालने जी सुविधाजनक व्यवस्था

अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- खबर शिवपुरी जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बाकडे हनुमान मंदिर से है जहां आज महावीर हनुमान जी की जयंती पर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के आवागमन को ध्यान में रखते हुए किसी भी कोई भी भीड़ और ट्रैफिक की स्थिति पैदा ना हो इसके लिए यातायत पुलिस अधीक्षक रणवीर सिंह यादव द्वारा वाकड़े हनुमान मंदिर पर जाकर मुआयना किया आज हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर यातायात विभाग द्वारा बांकडे मंदिर की ओर जाने वाले वाहनों के लिए रूट व्यवस्था इस प्रकार तैयार की है। कोई भी भारी वाहन जैसे बस, ट्रक,भूसे के ट्रैक्टर आदि सुरवाया फोरलाइन,आईटीआई तिराहा,गुना नाका, ग्वालियर नाका से बांकड़े मंदिर की तरफ प्रवेश नहीं कर सकेंगे। उन्हें पड़ोरा होते हुए ही शिवपुरी एवं झांसी की ओर आना और जाना पड़ेगा। यह व्यवस्था सुबह 6-00 बजे से रात्रि 10-00 बजे तक लागू रहेगी। बांकड़े मंदिर व्यवस्था इस प्रकार रहेगी फोर व्हीलर एवं टू व्हीलर वाहन मंदिर परिसर तक जा सकेंगे लेकिन उन्हें वापसी कोटा गांव होते हुए ही आना पड़ेगा एवं ऑटो पार्किंग मंदिर के प्रथम द्वार झांसी रोड पर ही रहेगी ऑटो चालक मंदिर परिसर तक अपनी ऑटो नहीं ले जा सकेंगे।

संकल्पित होकर लड़नी होगी संविधान को बचाने की लड़ाई: मान सिंह

अंबेडकर जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम में सम्मिलित होकर किया कार्यक्रमों को संबोधित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । ऐसा संविधान जिसका देश ही नहीं अपितु पूरा विश्व अनुसरण करता है। बाबा साहब ने पेड़ पौधे पशु पक्षी जीव जंतु मानव सभी को ध्यान में रखते हुए संविधान की रचना की ऐसे महापुरुष के चरणों में मेरा कोटि-कोटि नमन यह बात रेमजा गांव में आयोजित की गई 131 वी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उपस्थित हुए बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कही।जिला अध्यक्ष ने सर्वप्रथम महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज हमारा संविधान खतरे में है मौजूदा भाजपा सरकार इस संविधान को अपने तरीके से तोड़ मरोड़ कर खत्म करने की फिराक में है लेकिन आज हम सब लोगों को संकल्पित होकर दृढ़ निश्चय करना होगा कि इस तानाशाह रवैया अपनाने वाली मौजूदा भाजपा सरकार को उखाड़ फेकना होगा तभी हमारे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का सपना साकार हो सकेगा। कार्यक्रम आयोजक नरेंद्र सिंह कुशवाह व उनकी टीम के द्वारा मुख्य अतिथि मान सिंह कुशवाह व उनके साथ चलकर आए सभी पदाधिकारियों का रैली निकालकर व शॉल श्रीफल एवं माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सभी अतिथियों ने भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से जुड़ी कई संघर्षपूर्ण बातें बताई।

समिति द्वारा आयोजित अंबेडकर रैली में जिला अध्यक्ष हुए सम्मिलित

रमाबाई शिक्षा प्रसार एवं समाज सुधार समिति रौन द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 131 वी जयंती पर विशाल रैली का आयोजन किया गया जोकि रोन बगिया से प्रारंभ होकर तहसील तक गाने बाजे के साथ पहुंची वापसी में बगिया पर ही रैली का समापन हुआ जिसमें जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने न सिर्फ शिरकत की बल्कि पूरी रैली का हौसला अफजाई करते हुए पैदल यात्रा की। जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कहा कि हमें इसी गर्मजोशी के साथ बाबा साहब एवं अन्य महापुरुषों की की जयंती मनानी चाहिए इन्हीं महापुरुषों के कारण आज हम अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए समर्थ है। एवं सारे भेदभाव से परय होकर समानता से जीवन यापन करने के लिए स्वतंत्र है। इस मौके पर मुख्य रूप से बृजेंद्र सिंह उर्फ कल्लू भारौली,अमित दांतरे, रणजीत सिंह गुर्जर,हरिनारायण शर्मा,राम ज्ञान सिंह कुशवाह, रेखा भदोरिया,विनोद पंडित,वीरेंद्र यादव, जीवन सुशील पचौरी, मीडिया प्रभारी रमेश सिंह कुशवाह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

गौ माता की सेवा मात्र से ही दूर हो जाते हैं सभी कष्ट, दूर होंगी सभी परेशानियां: एसडीएम राजीब समाधिया

केशब पडित जी पुष्पांजली टुडे

अम्बाह । छत्रपाली गो सेवा सदन में आपसी जन सहयोग से शीतल जल के लिये एक फौजर लगाया गया जिसकी शुरूआत एसडीएम राजीब समाधिया जी ने फीता काट कर शीतल जल पानी चलाकर बरूण देवता से आह्वाहन कर जल स्थर बडते रहने प्रार्थना की तदोपरान्त गौशाला में अन्दर गाय को टीका लगाकर माल्यार्पण किया और उन्होने अपने उद्बोदन में कहा हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय स्थान प्राप्त है. ऐसी मान्यता है कि बड़े से बड़ा कष्ट भी सिर्फ गौ माता की सेवा करने से दूर हो जाता है. गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है.

गौ माता की सेवा मात्र से ही दूर हो जाते हैं सभी कष्ट

हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय स्थान प्राप्त है मान्यता है कि गाय की सेवा करने से जहां सभी देवी-देवता प्रसन्न होते हैं, वहीं घर में सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान मिलता है. इतना ही नहीं, गाय की सेवा से कुंडली के सभी दोष दूर हो जाते हैं. अगर आपके जीवन में भी कई परेशानियां हैं, जो गाय संबंधी इन उपायों को करने से आपके कष्ट जल्द दूर हो जाएंगे. धार्मिक मान्यता है कि गाय को खिलाई गई कोई भी चीज सीधे देवी-देवताओं तर पहुंचती है. इसलिए पहली रोटी गाय के लिए निकाली जाती है. गाय के लिए पहली रोटी निकालने से जीवन की सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं और परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है. कुंडली में बुध ग्रह कमजोर होने पर या किसी और कारण से उसके दुष्प्रभाव झेलने पर बुधवार के दिन गाय को हरा चारा खिलाने की सलाह दी जाती है. इसे बहुत ही शुभ माना जाता है. ऐसा करने से तमाम समस्याएं दूर हो जाती हैं.

शनि संबन्धी समस्याओं के लिए

शनि से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या के लिए काले रंग की गाय की सेवा करने की सलाह दी जाती है. वहीं, अगर संभव हो तो किसी ब्राह्मण को काले रंग की गाय दान करने से सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं.

मंगल से जुड़ी समस्याओं के लिए

कुंडली में मंगल दोष होने पर व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है. ऐसे में लाल रंग की गाय की सेवा करें. मंगलवार के दिन गाय का पूजन करें और उसे गुड़ चना खिलाएं.

गुरु से जुड़ी परेशानी के लिए

बृहस्पति ग्रह आपके पक्ष में न हो तो विवाह में देरी होती है. शिक्षा व्यवधान आता है. साथ ही कई परेशानियां घेर लेती हैं. ऐसे में बृहस्पतिवार के दिन गाय को हल्दी से तिलक करें और आटे की लोई में गुड़ चने की दाल और चुटकी भर हल्दी डालकर खिलाएं.

पितृ दोष से मुक्ति के लिए

अगर किसी जातक की कुंडली में पितृ दोष है तो अमावस्या के दिन गाय को रोटी, गुड़, हरा चारा खिलाएं. वहीं, अगर रोजाना गाय की सेवा कर सकते हैं, तो बेहतर है. इससे पितृ दोष शांत होने के साथ अन्य ग्रह भी शांत होते इसके बाद उन्होने प्रसासन की और से एक ट्रक भूसा व कुछ आपसी सहयोग से राशि दैने को कहा और निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले गोबिन्द पिलपिली जो कि इलाज सहित गोबर से लेकर खाने तक की सेवा मे हमेशा रहते है उनको परिवार सहित माला पहना कर अपने साथ तस्बीर खीचवाकर गर्व महसूस किया और दिल से सेवा भाव को देखते हुये गौशाला को समय पर सहयोग करने के लिये कहा इस अवसर पर समाज सेवी रविप्रकाश राजोरिया सुरभी दास ओझा गजेन्द्र सिकरवार रामप्रकाश चउआ परषराम पचौरी सेवाराम गुप्ता रामदास गुप्ता पूरन लाल गुप्ता राधेश्याम गुप्ता खरगोला सेठ शिवम गुप्ता रामेश्वर तोमर रज्जन तोमर व संचालक हरेन्द्र शर्मा एवं बरिष्ठ समाज सेवी मौजूद थे

पुलिस थाना पिछोर शिवपुरी ने एक आरोपी से अवैध हथियार दो बंदूक 12 बोर एकनाली जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया

राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे

पिछोर, पिछोर पुलिस प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई करती हुई दिनांक 14/4/22 पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया एसडीओपी पिछोर देवेंद्र सिंह कुशवाह के निर्देशन में अवैध हथियारों की बरामदगी का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में मैं टीआई पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर टीम ने ग्राम कंचनपुर से आरोपी पपला गुर्जर और भंवर सिंह गुर्जर निवासी कंचनपुर थाना पिछोर जिला शिवपुरी से अवैध हथियार दो बंदूक 12 बोर इकनाली जाम की आरोपी को बंदूक 12 बोर एकनालि सहित कंचनपुर भोति रोड से दबोचा गया व दूसरी बंदूक 12 बोर एकनली उसके घर कंचनपुर से बरामद की सभी बंदूक हाथ से बनी है आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया कोर्ट ने आरोपी को भेजा जेल पूर्व में भी दिनांक 10/4/22 अप पुलिस थाना पिछोर ने 5 अवैध हथियार एक बंदूक 315 बोर एकानली एक बंदूक 12 बोर एकानाली एक पिस्टल 32 बोर एक कट्टा 315 बोर व एयर पिस्टल सहित माधव सिंह बघेल निवासी कंचनपुर को दबोचा था जिसे कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के प्रकरण में जेल भेजा था पुलिस थाना पिछोर टीम में सहायक उपनिरीक्षक जहान सिंह शैलेंद्र सिंह चौहान प्रधान आरक्षक हिमांशु चतुर्वेदी राघवेंद्र चौहान आरक्षक उपेंद्र यादव व मांगीलाल की सराहनीय भूमिका रही।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पात्र हितग्राहियों को वितरित की राशन की पात्रता पर्ची, पेंशन, हाथठेला कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड

ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने 38 नम्बर शासकीय कार्यालय पर उपनगर ग्वालियर के पात्र हितग्राहियों को राशन की पात्रता पर्ची, हाथठेला, कामकाजी, पेंशन के स्वीकृती पत्र वितरित करते हुए कहा कि हर जरूरतमंद को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए में प्रतिबद्ध हूँ। क्षेत्र के 15 हजार से अधिक परिवारों को राशन की पात्रता पर्ची दी जा चुकी है। इस अवसर श्री जगत सिंह कौरव, श्री शशी शर्मा, श्री चंदू सैन, श्री गुरूमुख करोसिया, श्री बच्चन किरार, श्री सुधीर धनावत सहित विभिन्न वार्डों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आज ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अपने कार्यालय पर वार्ड 1,2,3,4,5,33 एवं 36 के हाथठेला व कामकाजी 175, राशन की पात्रता पर्ची 558 व पेंशन 67 एवं आयुष्मान के 13 पात्र हितग्राहियों को मिलाकर कुल 813 कार्ड वितरित किये। इसके साथ ही कार्यालय पर आमजन अपनी-अपनी समस्यायें लेकर आये तो उनकी समस्या ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बारी बारी से सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय पर आने वाली समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इस कार्य में लापरवाही वर्दाश्त नही की जायेगी। इस अवसर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक, सीवर व पेयजल क्षेत्र में हर तरफ विकास कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी कार्य किये जा रहे हैं। संजीवनी क्लीनिक, बिरला नगर प्रसूति ग्रह, बहोड़ापुर पर 30 बेडेड अस्पताल इसके साथ ही जहां जरूरत होगी वहां भी संजीवनी क्लीनिक खोली जायेंगीं। सुविधाओं के मामले में सिविल अस्पताल प्रदेश के टॉप 5 में पहुंच गया है।

संक्षिप्त समाचार

आज 16 अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव पर 66 वार्डों में कांग्रेस सुदंर कांड हनुमान चालीसा का पाठ करेगीः डॉ. देवेन्द्र शर्मा

कार्यक्रम का वीडियो, फोटो सोशल मीडिया पर जारी किए जाएं

ग्वालियर। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में 66 वार्डों में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर कांग्रेस सुदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ करेगी। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि 66 वार्डों में सभी कांग्रेसजन मंडलम कांग्रेस कमेटियो के माध्यम से अपने-अपने वार्ड में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर सुदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ करें, वीडियों बनाएं और फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर जारी करें और कांग्रेस कार्यालय में उपलब्ध करांए। जिस वार्ड में जो कांग्रेसजन रहता है वह उस ही वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगें। बल, बुद्धि, विद्या, शक्ती देने वाले की उपासना से भक्ती प्राप्त होती है।

भाजपा महिला मोर्चा ग्वालियर महानगर की जिला कार्यकारिणी घोषित

ग्वालियर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी जी की अनुशंसा पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शिंदे ने भाजपा महिला मोर्चा ग्वालियर महानगर की जिला पदाधिकारियों की घोषणा की है जो इस प्रकार है- जिला उपाध्यक्षगण श्रीमती रेखा त्रिपाठी, श्रीमती रेणु राजावत, श्रीमती प्रीती धोरात, श्रीमती ज्योति तोमर, श्रीमती कृष्णा महोबिया सुश्री किरण भदौरिया, श्रीमती माया वर्मा, श्रीमती गीता सिकरवार, महामंत्रीगण श्रीमती किरणलता सिंह भदौरिया, श्रीमती करूणा सक्सैना, मंत्रीगण श्रीमती पदमा शर्मा, श्रीमती मीना चैहान, श्रीमती शिल्पा खत्री, सहमीडिया ममता साहू, प्रचार प्रचार मंत्री श्रीमती शीला दीक्षित, जिला कार्यकारिणी सदस्यगण श्रीमती उर्मिला बिंदल, श्रीमती सुनीता यदुवंशी, श्रीमती वर्षा नारले, श्रीमती रीता भदौरिया, श्रीमती विमला मिश्रा, श्रीमती शिखा भदौरिया, श्रीमती ललिता यादव, श्रीमती गीता भदौरिया, श्रीमती तृप्ति भटनागर, डॉ. सुनीता शर्मा, श्रीमती ममता जितेंद्र भदौरिया, श्रीमती शिविका सिंह, श्रीमती मीनाक्षी गोयल, श्रीमती दीपा जादौन, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, श्रीमती साधना राघव, श्रीमती केशकली जाटव, श्रीमती पुष्पा परिहार, श्रीमती सरोज मिश्रा, श्रीमती संध्या भिण्डया तथा श्रीमती लक्ष्मी डण्डोतिया शामिल है।

निर्वाध रूप से मिलेगी सभी को बिजली : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

सरकार हर सुख-दुख में आपके साथ - सांसद श्री शेजवलकर

नवीन 33/11 केव्ही उपकेन्द्र सेवा नगर का हुआ लोकार्पण

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 2 करोड 16 लाख की लागत से बनाये गए नवीन 33/11 केव्ही उपकेन्द्र सेवा नगर का लोकार्पण करते हुए कहा कि क्षेत्र में आये दिन विद्युत की समस्या रहती थी, बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से तो निजात मिलेगी ही साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों को छोटी से छोटी समस्या के लिये फूलबाग सब स्टेशन नहीं जाना पडेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विद्युत बिलों में राहत योजना-2022 के तहत विद्युत उपभोक्ताओं के 31 अगस्त 2020 तक के एक किलोवाट के विद्युत बिल माफ किये गए हैं। जिनके प्रमाण पत्र आज आपको दिये जा रहे हैं।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सेवानगर, लोहामंडी, किला गेट, गुदडी, नूरगंज, रमटापुरा, गंज आदि क्षेत्रो में सर्दी व गर्मी में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या अधिक हो जाती थी। परंतु नवीन विद्युत उपकेन्द्र बनने से इन सभी क्षेत्रों की विद्युत समस्या से निदान तो मिलेगा ही साथ ही निर्वाद रूप से बिजली उपभोक्ताओं को मिल सकेगी। क्षेत्र के लगभग 4 से 5 हजार परिवारों को इस सब स्टेशन का लाभ मिलेगा।

साथ ही कहा कि ग्वालियर महानगर के 61 हजार उपभोक्ताओं के 165 करो? रूपए का बिजली बिल माफ किया गया है। उपनगर ग्वालियर के 28 हजार 49 उपभोक्ताओं के 100 करोड 58 लाख रूपये के बिल माफ किये हैं। शिविर में फूलबाग जोन के 2409 उपभोक्ताओं के 3 करोड 29 लाख रूपये के बिल माफ किये हैं। इस प्रकार के शिविर निरंतर आयोजित कर उपभोक्ताओं को बिल माफी के प्रमाण पत्र वितरित किये जा रहे हैं।

सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि नये सब स्टेशन बनने से विद्युत की उपलब्धता व गुणवत्ता में भी सुधार आयेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब आमजन के काम धंधे बंद हो गए थे वह काफी परेशान थे। उनकी इस परेशानी को समझा उनके कोरोना काल के बिल माफ किये साथ ही 80 करोड लोगों को फ्री राशन दिया एवं सभी को निशुल्क वैक्सीन लगाई। केन्द्र व प्रदेश की सरकार गरीबों की सरकार है, उनके हर सुख -दुख में उनके साथ खडी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि ग्वालियर का सौभाग्य है कि आपको एक जनसेवक मिला है जो आपकी दिन रात सेवा करता है। इस अवसर पर श्री केशव मांझी, श्री दिनेश सिकरवार, श्री सुरेन्द्र चौहान, श्री छोटे सिंह तोमर, श्री त्रिलोक शर्मा, श्री महेश गोतम, श्री उमेश गुप्ता, श्री मनमोहन पाठक, महेश उमरैया, मुख्य महाप्रबंधक श्री राजीव गुप्ता, प्रबंधक श्री विनोद कटारे, उपमहाप्रबंधक श्री पीके हजेला सहित जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

दिए निर्देश समयबद्ध कार्यक्रम के तहत करें प्रकरणों का निराकरण

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में जुड़े नए वार्डों सहित ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सभी गाँवों में सीमांकन, नामांतरण व बटवारा के प्रकरणों का निराकरण समयबद्ध कार्यक्रम के तहत करें। साथ ही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने से कोई भी पात्र परिवार छूटे नहीं। इस आशय के निर्देश उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने संबंधित अधिकारियों को बैठक लेकर दिए।

शुक्रवार को यहाँ व्हीआईपी विश्राम गृह मुरार में आयोजित हुई बैठक में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने क्षेत्र के सभी क्षेत्रीय एसडीएम को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ अभियान बतौर सभी पात्र किसानों को दिलाएँ। इन योजनाओं पर सरकार का विशेष फोकस है, अतः किसी प्रकार की ढिलाई न हो। जनहितैषी मुद्दों को लेकर हुई राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की इस बैठक में अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

बैठक में एसडीएम लश्कर श्री अनिल बनवारिया, एसडीएम ग्वालियर सिटी प्रदीप सिंह तोमर, एसडीएम मुरार श्री अशोक चौहान व एसडीएम ग्वालियर ग्रामीण पुष्पा पुषाम समेत राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

हादसे में कार सवार युवक की मौत

ग्वालियर । शहर के सिरोल थाना क्षेत्र में स्थित। रमौआ हुआ चौराहे के पास तड़के हुए सड़क हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई और उसका दोस्त घायल हो गया ।पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार मुरार निवासी शोभित नारायण सैलून चलाता था। बीती रात वह अपने दोस्त सागर ढींगरा के साथ कार नंबर एमपी 0 7 सीएफ 5535 से श्री राम पैलेस में आयोजित शादी समारोह में आया था ।सुबह 5:00 बजे करीब जब वह जा रहे थे तो उनकी कार शिरोल थाना क्षेत्र में रमौआ चौराहे के पास डिवाइडर पर क्षतिग्रस्त हालत में मिली।

ठेकेदार पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

ग्वालियर । शहर की बहोड़ापुर थाना पुलिस ने एक मजदूर की मौत पर ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है ।जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के सरकारी मल्टी में 21 फरवरी को छठवीं मंजिल पर एक मजदूर योगी 52 साल काम कर रहा था। तभी पैर फिसलने से वह घायल हो गया बाद में उसकी मौत हो गई । पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की तो पता चला कि मजदूर को सोनेलाल पंडित दिक्षी लेकर आया था।

गरगज के हनुमान जी का किया गया श्रृंगार

ग्वालियर। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री गरगज के हनुमानजी महाराज का श्रंगार किया गया श्री गर्गज के हनुमान जी मंदिर कल प्रातः 5:00 बजे श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव आरती के साथ प्रारंभ होगा उसके बाद श्री हनुमान जी महाराज का रुद्र अभिषेक किया जाएगा, महाप्रसाद का वितरण, श्री सुंदरकांड का पाठ, श्री हनुमानजी महाराज को समर्पित भजनों का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी श्री गरगज के हनुमानजी महाराज की व्यवस्था में महंत श्री पूर्णानंद शर्मा जी के द्वारा दी गई।

दुनिया में पहचान अहंकार से नहीं संस्कार से बनती हैः मुनिश्री

मुनिश्री ने जैन गोपाचल पर्वत पहुँचकर भगवान जिनेंद्र दर्शन किये

ग्वालियर-ः दुनिया में पहचान अहंकार से नहीं संस्कार से बनती है जिसके जीवन में संस्कार होते हैं वह दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना लिया करते हैं। विनयवान व्यक्ति जीवन में बहुत उन्नति प्राप्त करता है। ज्ञान प्राप्त करना सरल है, लेकिन ज्ञान के साथ-साथ विनय होना बहुत कठिन है। ज्ञान अंगूठी है और विनय उसमें च?ा हुआ नग है। अदब सीखना है तो कलम से सीखो, जब भी चलती है तो सर झुका कर के चलती है। यह विचार मेडिटेशन गुरु मुनिश्री विहसंत सागर महाराज ने आज शुक्रवार को फूलबाग स्थित जैन सिध्दक्षेत्र गोपाचल पर्वत पर संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज जी मौजूद थे। मुनिश्री ने कहा कि जिसके जीवन में नम्रता, कोमलता एवं गुणग्रहण की दृष्टि हुआ करती है वह अपने जीवन में बहुत आगे उन्नति कर लेता है। विनय के साथ विद्या प्राप्त होती है, धन प्राप्त होता है। वहीं जो व्यक्ति अहंकारी होता है वह भोजन में कंक? के समान होता है और जो व्यक्ति विनयवान होता है वह जीरा के समान होता है। कंक? से कुरकुरा भी करिकिरा हो जाता है और जीरा डालने से उसमें स्वाद और जायका ब? जाता है। इसलिए अपने जीवन में अहंकार को स्थान ना देते हुए विनय गुण ही स्थान दें, क्योंकि विनय के माध्यम से लोग आकर्षित होते हैं।16.04.2022, शनिवार प्रातःकाल 6.00 बजे मुनिश्री विहसंत सागर महाराज व विश्वसूर्य सागर महाराज गोपाचल पर्वत से पद विहार कर उप ग्वालियर लोह मंडी स्थित श्री लाला गोकुल चन्द्र जैन जैसवाल पंचायती मंदिर, के लिए मंगल प्रवेश होगा।प्रातः 8 ? 30 बजे से मंगल प्रवचन होंगे। जैन संजनकै प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि परमपूज्य भारत गौरव राष्ट्रसंत गणाचार्य विराग सागर जी महामुनिराज के मंगल आशीर्वाद एवं मेडिसिन गुरु विहसंतसागर मुनिराज के मंगल निर्देशन में 17 अप्रैल 2022, रविवार मध्याह्न 2.00 बजे से नई स?क स्थित जैन चम्पाबाग बगीची में एक अति आवश्यक बैठक विरागोदय तीर्थ महोत्सव समिति एवं निवेदक सकल जैन समाज, ग्वालियर की ओर से दमोह स्थित पथरिया में विरागोदय तीर्थ महोत्सव महाकुंभ 2023 के संदर्भ में आयोजित की जाएगी। यह बैठक में भिंड, गोहद, इटावा, मेहगांव, मालनपुर, मैनपुरी सहित ग्वालियर चम्बल संभागीय स्तर पर आयोजित की जावेगी।

भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक दल हैः विवेक शेजवलकर

भाजपा ने किया अनुसूचित जनजाति वर्ग की प्रतिभाओं का सम्मान

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक दल है। देश के 18 राज्यों में हमारी सरकार है। 303 सांसद है। देश की मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है। उक्त उद्गार सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने सामाजिक न्याय पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा ग्वालियर महानगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्ष जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने की। इस अवसर पर मंच पर पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, महामंत्री विनोद शर्मा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष राकेश बाथम, सुधीर गुप्ता उपस्थित थे। सांसद श्री शेजवलकर ने कहा कि कभी व्यापारियों की पार्टी कही जाने वाली भाजपा आज सर्वहारा वर्ग की पार्टी है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। उज्जवला योजना के माध्यम से हर घर में सिलेण्डर पहुंचाने का काम किया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478